दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 300 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 30 नवम्बर, 2024 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt



एजेंसी

## हार से बौखलाए विपक्षी देश के खिलाफ कर रहे साजिशः मोदी

**भुवनेश्वर(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंदोलन हमेशा से होते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में आप सभी ने एक बहुत बड़ा बदलाव देखा होगा। संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है। सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं। वे लोगों से इस बात के लिए भी नाराज हैं कि उनके अलावा किसी और को आशीर्वाद दिया जा रहा है। वे इतने गुस्से में हैं कि वे देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। झूठ और अफवाहों की उनकी दुकान पिछले 75 सालों से चल रही है। उन्होंने अब अपने मिशन को और तेज कर दिया है। उनकी गतिविधियां अपने देश से प्यार करने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन रही है।

उन्होंने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि हमें सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को उजागर करना है। सत्ता के भूखे इन लोगों ने जनता से सिर्फ झूठ बोला है। वे हर बार एक बड़ा झूठ लेकर आते हैं। 2019 में जो चौकीदार उनके लिए चोर था, 2024 तक आते-आते वो ईमानदार हो गया और एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं कह पाए। इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा किया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल दिन-रात भाजपा के बारे में गलत सूचना फैलाते रहते हैं। लेकिन जनता खुद भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए मैदान में आती है। चुनाव से कुछ महीने पहले बड़े-बड़े राजनीतिक विशेषज्ञ ओडिशा में भाजपा को पूरी तरह से खारिज कर रहे थे।

लेकिन जब नतीजे आए तो सभी हैरान रह गए। क्योंकि ओडिशा के लोगों के लिए भाजपा की केंद्र सरकार के कार्य और दिल्ली में बैठे हुए भी ओडिशा के लोगों के साथ अपनापन का जो नाता रहा, वो ओडिशा के घर-घर पहुंच चुका था। पीएम ने कहा कि पहले ओडिशा, फिर हरियाणा, अब महाराष्ट्र। यही बीजेपी की विशेषता है। यह भाजपा कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। महाराष्ट्र चुनाव, हरियाणा चुनाव और देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो मुझे आपकी आंखों नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पांच दिन पहले मुझे दिल्ली में ओडिशा पर्व के शानदार समारोह में शामिल होने का अवसर मिला था। ओडिशा पर्व में उड़िया विरासत और गौरव के वो भव्य दर्शन, ओडिशा के लोगों का स्नेह और अपनापन मेरे लिए बहुत ही यादगार पल हैं। प्रधानमंत्री बोले कि आज केंद्र की भाजपा सरकार ओडिशा के गौरव को और ओडिशा को बड़ी प्राथमिकता दे रही है। ओडिशा में हमारी सरकार बनते ही माताओं-बहनों के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। हमने सुभद्रा योजना शुरु की। ये योजना महिला सशक्तीकरण की पहचान बनेगी। मुझे खुशी है कि भाजपा के प्रयासों से ओडिशा की आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू जी आज देश की राष्ट्रपति हैं। इससे पूरे देश के आदिवासी समाज का गौरव बढ़ा है। मुर्मू जी के देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होने से हर वर्ग की बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ा है। एक आदिवासी बेटी की ये यात्रा आने वाली कई पीढ़ियों तक प्रेरित करेगी।

न्यूज इनबॉक्स

### दो टूकः पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय क्रिकेट टीम

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(कासं.)।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी अब पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। विदेश मंत्रालय ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने पर बीसीसीआई के रुख को दोहराया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बीसीसीआई ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा चिंताएं हैं और इसलिए ऐसी संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी।% पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली बहुप्रतीक्षित चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं। आईसीसी ने सदस्य देशों की 29 नवंबर को बैठक बुलाई है। इसी दिन टूर्नामेंट के भविष्य पर फैसला होगा।

### बिजली विभाग का कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** एसीबी ने झुंझुनूं जिले में एक बड़ी कार्रवाई करते बिजली विभाग के कर्मचारी को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में झुंझुनूं जिले के खेतड़ी नगर एईएन कार्यालय में तैनात लाइनमैन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लाइनमैन की पहचान टिकूपुरा ढाणा निवासी रामावतार के रूप में हुई है। रामवतार ने वीसीआर ना भरवाने की एवज में रिश्वत मांगी थी। एसीबी के अनुसार शुक्रवार को झुंझुनूं एसीबी टीम ने अजमेर डिस्कॉम के खेतड़ी नगर एईएन कार्यालय में कार्यरत लाइनमैन रामावतार को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी झुंझुनूं के एएसपी इस्माइल खान ने बताया कि 26 नवंबर को भोदन निवासी परिवादी मुकेश गुर्जर ने शिकायत दी थी कि लाइनमैन टिकुपूरा ढाणा निवासी रामावतार उसे परेशान कर रहा है।

### राज्यपाल ने किया आदि महोत्सव का शुभांरभ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, ट्राइफेड और नगर निगम ग्रेटर की ओर से आयोजित **आदि महोत्सव** का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर महोत्सव में देशभर के राज्यों से भाग लेने वाले शिल्पकारों, कलाकारों का अभिनंदन करते हुए आम जन से आह्वान किया कि दैनिक जीवन में जनजातीय उत्पादों का अधिकाधिक उपयोग किया जाए। बागडे ने समारोह में बिरसा मुंडा की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि वह अंग्रेजों से ही नहीं लड़े बल्कि आदिवासी क्षेत्रों में निरंतर जागरूकता का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 2021 से प्रतिवर्ष हमारे यहां 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिवस जनजातीय परंपराओं को सहेजने, उनके विकास और उनके समग्र कल्याण को समर्पित है।

### अजमेर दरगाह में शिव मंदिर याचिका पर सियासी जंग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे वाली कोर्ट में दायर याचिका के बाद प्रदेश से लेकर पूरे देश में सियासी विवाद छिड़ गया है। राजस्थान के बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित कई बीजेपी नेताओं ने मुगल काल में हिंदू मंदिर तोड़ने का दावा करते हुए याचिका का समर्थन किया है। शिक्षा मंत्री मदन मदन दिलावर ने तो खुदाई करवाकर अवशेष मिलने से फैसला होने तक की बात कह दी है।उधर, कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेताओं ने इसे खतरनाक ट्रेंड बताते हुए इसे विभाजनकारी एजेंडे का हिस्सा करार दिया है। दरगाह मुद्दे पर राजस्थान के अलावा राष्ट्रीय नेताओं ने भी तल्ख कमेंट किए हैं।

नगरीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

# शहरी बुनियादी ढांचे को विश्व स्तरीय बनाएगी राज्य सरकारः भजनलाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शहरी बुनियादी ढांचे को विश्व स्तरीय बनाने व जनसुविधाओं को सशक्त, समावेशी बनाने की प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। नागरिकों को दी जा रही सेवाओं के स्तर को बेहतर बनाया जाए और नगरीय विकास के लिए नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाए ताकि शहरी विकास के नए आयाम स्थापित हो सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित नगरीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बजट में विभागीय घोषणाओं की समीक्षा कर उनकी कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की अधिक जरूरत वाले स्थानों पर संसाधनों का पहले प्रयोग किया जाए ताकि जनता को शीघ्र राहत मिल सके।



### जयपुर को ट्रेफिक से निजात दिलाने के लिए बनाएं प्रभावी कार्ययोजना

शर्मा ने कहा कि बढ़ती आबादी के चलते जयपुर में यातायात भार लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में क्षेत्र का बेहतर ट्रेफिक प्रबंधन बेहद जरूरी है। उन्होंने ट्रेफिक जाम से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जयपुर कलेक्ट्रेट सर्किल व गांधीनगर मोड़ पर बढ़ रहे यातायात भार के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रेफिक डाइवर्जन के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने रिद्धी-सिद्धी फ्लाईओवर, इमली फाटक फ्लाईओवर, सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प तक एलिवेटेड रोड़, सिविल लाइन्स आरओबी, रामबाग गोल्फ क्लब पार्किंग की प्रगति की जानकारी ली तथा इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने द्रव्यवती नदी का सौन्दर्यकरण, आई.पी.डी. टावर के निर्माण, जयपुर मेट्रो के विस्तार, रिंग रोड के निर्माण, आरओबी, आरयूबी, सेक्टर रोड़, ऐलिवेटेड रोड़ सहित विभिन्न विकास कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### हाउसिंग बोर्ड की संपत्तियों का विवरण हो ऑनलाइन


मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड का मुख्य काम आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में मण्डल अपनी आवासीय योजनाओं की गति में तेजी लाए। साथ ही, मण्डल की सभी सम्पत्तियों का विवरण ऑनलाइन हो ताकि लोगों को इनकी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नई आवासीय योजनाओं में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, साथ ही ऑनलाइन आवेदन तथा ई-नीलामी की प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए।

### रिक्त पदों पर शीघ्र करें भर्ती

भजन लाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मण्डल, मुख्य नगर नियोजक सहित नगरीय विकास विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए। नगरीय विकास विभाग की ओर से जल्द से जल्द अपने अभियान्त्रिकी संवर्ग के सेवा नियम बनाए जाएं जिससे राजस्थान लोक सेवा आयोग के माध्यम से शीघ्र नवीन पदों पर भर्ती की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विभागों में लम्बे समय से एक स्थान पर कार्यरत कार्मिकों को बदला जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

### कार्मिकों के लम्बित प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि भ्रष्टाचार में लिप्त कार्मिकों को नहीं बख्शा जाए और ईमानदार कार्मिक को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग में कार्मिकों से संबंधित सभी लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करे। बैठक में शहरी परिदृश्य व नगरीय निकायों की स्थिति, विभागीय महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट, नवाचारों, मास्टर प्लान व जोनल डवलपमेंट प्लान की स्थिति सहित विभिन्न विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा की गई।





डिप्टी सीएम दीया कुमारी के प्रयास लाए रंग, प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेंगी

## राजस्थान में सड़कों के लिए केंद्र ने दी बड़ी सौगात, 1154.47 करोड़ मंजूर

### प्रदेश की 27 सड़कों का होगा कायाकल्प

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की 27 सड़कों के विकास के लिए केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने 1154.47 करोड़ रूपये की और श्रीगंगानगर में रेलवे अण्डर ब्रिज निर्माण के लिए 30 करोड़ रूपये स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य की 748.80 कि.मी की सड़कों का चौड़ाईकरण व सुदृढीकरण और कोटा में कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयासों से केन्द्रीय सड़क व अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) से राज्य सड़कों के विकास के लिए और सेतु बंधन योजना के तहत केन्द्र सरकार की ओर से यह राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश की विभिन्न सड़कों व नवीन वृहद परियोजनाओ के विकास मे सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री ने गुरूवार को केन्द्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह महत्वपूर्ण सौगात है। केंद्र सरकार की ओर से 27 राज्य सड़कों के लिए 1154.47 करोड़ रुपये की मंजूरी मिलना, राज्य के बुनियादी ढांचे और विकास को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से राजस्थान के कई क्षेत्रों को लाभ होगा। इससे न केवल परिवहन सुगम होगा बल्कि व्यापार, पर्यटन और कृषि क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बेहतर सड़क नेटवर्क से राज्य में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### इन जिलों मे होगा सड़क निर्माण

प्रदेश के 15 लोकसभा क्षेत्रों के 17 जिलों में इस राशि से वृहद जिला सड़क (एमडीआर) तथा स्टेट हाईवे श्रेणी की 27 सड़क परियोजनाओ का चौड़ाई करण व सुदृढीकरण किया जाएगा।

इस राशि से अलवर लोकसभा क्षेत्र के अलवर जिलें में 24 करोड़ की लागत से 24 कि.मी,खैरथल-तिजारा जिले में जिले में 69 करोड़ की लागत से 51 कि.मी, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 49.30 करोड़ की लागत से 28.62 कि.मी, बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के बालोतरा जिले में 57.50 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, भीलवाड़ा के शाहपुरा जिले में 74 करोड़ की लागत से 44 कि.मी, बीकानेर जिले में 73.30 करोड़ की लागत से 71.80 कि.मी, चित्तौडगढ के प्रतापगढ जिले में 20 करोड़ की लागत से 17 कि.मी,जयपुर ग्रामीण और सीकर लोकसभा क्षेत्र के जयपुर ग्रामीण में 65 करोड़ की लागत से 57.70 कि.मी सड़कों का निर्माण चौड़ाईकरण व सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा।

इसी प्रकार जालौर में 65 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, झालावाड़ जिले में 149.97 करोड़ की लागत से 81.25 कि.मी,जोधपुर के फलौदी जिले में 55.65 करोड़ की लागत से 53 कि.मी,कोटा के बूंदी जिले में 80 करोड़ की लागत से 33 कि.मी तथा कोटा में 70 करोड़ की लागत से कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण,पाली के जोधपुर ग्रामीण में 98 करोड़ की लागत से 67 कि.मी, राजसमंद में 70 करोड़ की लागत से 58 कि.मी, टोंक में 58.50 करोड़ की लागत से 25.43 कि.मी और उदयपुर में 65.25 करोड़ की लागत से 39 कि.मी राज्य सड़कों का सुदृढीकरण व चौड़ाईकरण करवाया जाएगा।

## हरियाणा-महाराष्ट्र में हार पर कांग्रेस में चिंतन, अब लेगी कड़े फैसले

जयपुर

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार पर मंथन किया। बैठक में खरगे ने कहा कि चुनाव परिणामों से सबक लेकर कठोर निर्णय लेने होंगे। जवाबदेही तय करनी होगी और खामियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे हैं।

### अंदरूनी कलह से होता है नुकसान

कांग्रेस नेताओं ने पार्टी की कलह पर मंथन किया। उनका मानना है कि इसकी वजह से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एकजुटता की कमी और अपने ही पार्टी नेताओं के खिलाफ बयानबाजी से काफी नुकसान होता है।उन्होंने कहा कि जब तक हम एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे और एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे तब तक अपने विरोधियों को कैसे हरा पाएंगे। सभी को कड़ाई से अनुशासन का पालन करना होगा। सभी को यह सोचना होगा कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और पार्टी की हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में है। बैठक में ईवीएम पर भी सवाल उठाया गया। खरगे ने कहा कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया। देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। चुनाव परिणाम हमारे लिए संदेश हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया के दलों ने चार में से दो राज्यों पर सरकार बनाई है। मगर कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। यह चुनाव रिजल्ट एक संदेश हैं। हमें चुनाव परिणामों से तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और कमियों को दूर करने की जरूरत है। खरगे ने कहा कि चुनाव के दौरान माहौल कांग्रेस के पक्ष में था। मगर सिर्फ माहौल का कांग्रेस के पक्ष में होना जीत की गारंटी नहीं है। हमें माहौल को नतीजों में बदलना सीखना होगा। क्या कारण है कि हम माहौल का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं? उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी होगी। समय पर रणनीति बनानी होगी। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। मतदाता सूची बनाने से मतगणना तक सतर्क और सावधान रहना होगा। चुनाव लड़ने के तरीके बदल गए हैं। खरगे ने कहा कि जाति जनगणना आज एक अहम मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ छह महीने पहले लोकसभा में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के पक्ष में जिस तरह के नतीजे आए, उसके बाद विधानसभा चुनाव के नतीजे



राजनीतिक पंडितों की समझ से परे हैं। नतीजों को कोई भी अंकगणित सही नहीं ठहरा पा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि समय बदल गया है और चुनाव लड़ने के तरीके भी बदल गए हैं। पार्टी को अपनी सूक्ष्म संचार रणनीति को अपने विरोधियों से बेहतर बनाना होगा। प्रचार और गलत सूचना से लड़ने के तरीके भी खोजने होंगे। हमें पिछले परिणामों से सबक लेकर आगे बढ़ना होगा। कमियों को दूर करना होगा। आत्मविश्वास के साथ कठोर निर्णय लेने होंगे। बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे हैं।

CMYK

## कच्ची बस्ती में नशा मुक्ति अभियान चलाकर किया जनता को जागरूक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** नवजीवन सेवा संस्थान अलवर की तरफ से शहर में कच्ची बस्तियों में नशा मुक्ति के लिए एक जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें शहर की कच्ची बस्तियों में नशे के दुष्परिणाम व बचाव के बारे में जानकारी दी गई। वहीं इस मौके पर बस्ती के गरीब बच्चो को फल व कपड़े वितरित करे गए। इस उपलक्ष्य में संस्था के डायरेक्टर अजीत सिंह चौधरी व अश्वनी जावली भी मौजूद रहे। उन्होंने बताा कि आने वाले समय में भी संस्था द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्ति के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा व काउन्सलिंग भी की जावेगी। संस्था ने जनता से अपील की है कि वे भी संस्था से जुड़कर नशामुक्त भारत अभियान का एक हिस्सा बनें। इस मौके पर अजीत सिंह चौधरी, रामेश्वर चौधरी, सतेन्द्र सिंह, रवि सैनी, कान्हा गोयल, लखन सिंह, जितेन्द्र सिंह, राहुल चौधरी, नीलम कुमार मौजूद रहे।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के जन्मदिवस पर 101 यूनिट रक्त एकत्रित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** किशनगढ़बास के गजानंद गार्डन में कोटक़ासिम प्रधान डॉ. विनोद कुमारी सांगवान द्वारा मानव कल्याण संस्था के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शिविर में पहुँच रक्तदाताओं का हौंसला अफजाई किया व रक्तदाताओं के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया, इस दौरान कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, किशनगढ़बास प्रधान बीपी सुमन, सूर्यदेव बारेठ, संदीप अग्रवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, प्रधान डॉ. विनोद कुमारी सांगवान ने रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया।

## Clean Alwar पोर्टल पर सफाई के साथ-साथ रोड लाइट की समस्याओं का भी होगा समाधान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर के नागरिक अब सफाई के साथ-साथ रोड लाइट की समस्याओं का समाधान भी Clean Alwar पोर्टल पर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने शहर के नागरिकों से अपील की है कि वे Clean Alwar पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग कर शहर को साफ, सुन्दर और बेहतर अलवर बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अलवर शहर के नागरिकों की समस्याओं को आसान और सुलभ तरीके से समाधान करके के लिए Clean Alwar पोर्टल पर एक नई सुविधा जोडी गई है। अब तक इस पोर्टल पर केवल सफाई से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाता था लेकिन अब इस पोर्टल के माध्यम से रोड लाइट से संबंधित समस्याओं का समाधान भी उस प्रकार संभव होगा। उन्होंने बताया कि इस नई सुविधा के तहत नागरिक अपनी संबंधित रोड लाइट की समस्या को Clean Alwar पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। यह सुविधा पूरी तरह पारदर्शी और उपयोगकर्ता के अनुकूल है। उन्होंने बताया कि समस्या दर्ज करते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित रोड लाइट का क्षेत्र नगर निगम के अंतर्गत आता है या नगर विकास न्यास के अंतर्गत आता है। यदि किसी समस्या को गलत एजेंसी के अंतर्गत दर्ज किया गया हे तो पोर्टल पर संबंधित सही एजेंसी को ट्रांसफर करने का विकल्प दिया गया है। सही एजेंसी को समस्या ट्रांसफर होने से समाधान प्रक्रिया और भी तेज एवं प्रभावी होगी। इससे समस्या के समाधान में देरी नहीं होगी और नागरिकों को समय पर समाधान प्राप्त होगा। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी और नागरिकों को अपने आवेदन की स्थिति का ट्रैक रखने की सुविधा मिलेगी।

**पोर्टल के उपयोग की प्रक्रिया**

उन्होंने बताया कि पोर्टल के उपयोग करने की प्रक्रिया मेंपोर्टल पर लॉगिन करें, समस्या के प्रकार (सफाई या रोड लाइट) का चयन करें, संबंधित क्षेत्र (नगर निगम/नगर विकास न्यास) का चयन करें, समस्या का विवरण और फोटो (यदि संभव हो) अपलोड करें तथा ट्रैकिंग आईडी प्राप्त करें और समाधान प्रक्रिया का स्टेटस चेक करें।

## संगठन किसानों एवं मजदूरों के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है ओर आगे भी करेगा- प्रदेश अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का 7वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ शुक्रवार को अलवर जिले के मालाखेड़ा में स्थित आर एस गेस्ट हाउस में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पंडित रोहित शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रोहतास सिंह फौजदार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर संभाग प्रवक्ता शेर सिंह चौधरी ने की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित रोहित शर्मा ने कहा संगठन को 7 वर्ष हो गए जहां संगठन किसानों एवं मजदूरों के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है।

### नपा कार्मिको पर लगाया लूडो खेलने का आरोप

# पालिका बोर्ड की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों पर बनी सहमति

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(नि.सं.)।** कस्बे के नगरपालिका कार्यालय में स्थित सभागार में शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष रामनिवास सैनी की अध्यक्षता में साधारण सभा सम्पन्न हुई। साधारण सभा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक भगवानाराम सैनी मौजूद रहे। सभा की शुरूआत से पहले विधायक भगवानाराम सैनी का साफा पहनाकर पार्षद राजेन्द्र मारवाल ने स्वागत किया। स्वागत के बाद में पालिकाध्यक्ष रामनिवास सैनी ने पालिका में सुलभ व सार्वजनिक शौचालयों को ठेके पर देने के विचार का पहला एजेंडा पढ़कर चर्चा के लिए रखा तो सभी पार्षदों ने 5 रूपये प्रति व्यक्ति शुल्क निर्धारित करने पर सहमति दी। पार्षद राजेन्द्र ढ़ेनवाल ने कहा कि शाकम्भरी गेट के निकट बने करीब 50 लाख की लागत के शौचालय को तोड़ तो दिया परंतु अब पुनः निर्माण करवाए जिससे स्थानीय लोगों व यात्रियों को शौच के लिए भटकना नही पड़े। बोर्ड के लोगों ने सुलभ शौचालय निर्माण की सहमति दी। पालिका ऑटोटीपर व सफाई ठेका चर्चा पर कई पार्षदों ने एनजीओ से व कई पार्षदों ने ऑन लाईन पारदर्शिता से टेण्डर करवाने की सहमति दी। कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना के तहत कस्बे में पेयजल वितरण के लिए बनने वाले 10 जलाशयों की निःशुल्क भूमि आवंटन पर सहमति देते हुए 10 ओर जलाशय बनाने की मांग करने की स्वीकृति पालिका बोर्ड ने दी। वार्ड 32 की लुहार बस्ती खसरा न. 3483 /1734 में सामुदायिक भवन के लिए निःशुल्क भूमि देने पर सहमति



दी। परंतु पार्षद रूड़मल सैनी ने कहा कि पुराने बनाए हुए सामुदायिक भवनों की देखरेख पालिका नही कर पा रही है, नए बनाने का क्या फायदा है। अस्थाई निवास कर रहे गाड़िया लुहारों, भोप्पों, नाथों, बस स्टैण्ड पुरानी तहसील में रहने वाले लोगों को निःशुल्क पट्टे देने की सहमति दी। पालिका की ओर से दूर संचार विभाग को जारी पट्टा की शर्तो की पालना नही करने पर टावर की भूमि को छोड़कर शेष भूमि वापस पालिका को लेने की सहमति बोर्ड ने दी। पालिका क्षेत्र में निजी होर्डिंग्स व पालिका के पोलों पर प्रचार करने को ठेका करने की सहमति दी। पालिका क्षेत्र के गौरव पथ व शाकम्भरी गेट से न्यू उदयपुरवाटी स्कूल तक डीवाईडर पर वायर व पोल वृद्वि के लिए सामग्री क्रय पर सहमति दी। पालिका की ओर से मोबाईल चल शौचालय वाहन क्रय पर सहमति दी। पालिका क्षेत्र में विकास कार्य के मुद्दे पर पार्षदों ने भेदभाव के आरोप लगाए। पार्षद विश्वेश्वरलाल सैनी ने पालिका के सभी वार्डो में समान रूप से कार्य नही होने की बात कही। चैयरमेन रामनिवास सैनी ने कहा कि शेष बचें कार्यकाल में सभी सहयोग करके पालिका क्षेत्र का विकास करवाए। पार्षद सुनिता सैनी ने पशु अस्पताल से घुमचक्कर घाट नाले तक क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करवाने व रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की। फायर स्टेशन कार्यालय में फायर वाहन खड़े करने के लिए टीन शेड मय गैराज, चारदीवारी वृद्धि, तारबंदी व स्टाफ के लिए कमरा निर्माण पर सहमति दी। पार्षद अजय तसीड़ ने फायर कार्यालय में लगाए गए कार्मिकों की सूची मांगी।

पालिका व फायर कार्यालय में कार्मिकों के लिए ड्रेस कोड, परिचय पत्र अनिवार्य करने की मांग रखी। पार्षद शिवदयाल स्वामी ने पार्षदों के सम्मान करने की बात कही। पार्षद सीताराम जांगिड़ ने कहा कि जिसका कार्य नही करना होता है उसके लिए तो कार्मिक नही है। जिसका कार्य करना होता है उसकी फाईल कार्मिक लेकर करवा लेता है। पार्षद राजेन्द्र मारवाल ने कहा कि कार्मिक पूरे दिन नगरपालिका कार्यालय में लुडो खेलते है पार्षदों का मान सम्मान नही करते है। पार्षद आते है ओर उनको लुड्डो खेलते देख वापस चले जाते है। कार्मिक आने की वजह तक पार्षदों से नही पूछते है।

## जिले के विभिन्न स्थानों पर होगा विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविरों का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जिले में आवासित घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के आवश्यक दस्तावेज वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घुमन्तु जाति पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि आवश्यक दस्तावेज तैयार करवाने एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने सहित राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर ब्लॉकवार आयोजित होंगे। शिविरों का आयोजन संबंधित ब्लॉकवार प्रातः 10 बजे से होगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर योगेश कुमार डागुर ने बताया कि पंचायत समिति मालाखेडा में प्री-कैम्प 30 नवम्बर को आयोजित होगा तथा शिविर 2 एवं 3 दिसम्बर को आयोजित होगा। इसी प्रकार नगर पालिका मालाखेडा में प्री-कैम्प 2 दिसम्बर तथा शिविर 4 दिसम्बर को, पंचायत समिति उमरैण में प्री-कैम्प 3 दिसम्बर तथा शिविर 4 एवं 5 दिसम्बर को, पंचायत समिति राजगढ में प्री-कैम्प 30 नवम्बर तथा शिविर 6 दिसम्बर एवं 9 दिसम्बर, नगर पालिका राजगढ में प्री-कैम्प 3 दिसम्बर तथा शिविर 10 दिसम्बर, पंचायत समिति रैणी में प्री-कैम्प 3 दिसम्बर तथा शिविर 11 एवं 12 दिसम्बर, नगर पालिका रैणी में प्री-कैम्प 5 दिसम्बर तथा शिविर 13 दिसम्बर, पंचायत समिति कठूमर में प्री-कैम्प 30 नवम्बर दिसम्बर तथा शिविर 2 एवं 3 दिसम्बर, नगर पालिका कठूमर में प्री-कैम्प 3 दिसम्बर तथा शिविर 4 दिसम्बर, नगर पालिका खेडली में प्री-कैम्प 12 दिसम्बर तथा शिविर 13 दिसम्बर, पंचायत समिति थानागाजी में प्री-कैम्प 3 दिसम्बर तथा शिविर 5 एवं 6 दिसम्बर, नगर पालिका थानागाजी में प्री-कैम्प 5 दिसम्बर तथा शिविर 9 दिसम्बर, पंचायत समिति रामगढ में प्री-कैम्प 3 दिसम्बर तथा शिविर 11 एवं 12 दिसम्बर, नगर पालिका रामगढ में प्री-कैम्प 5 दिसम्बर तथा शिविर 13 दिसम्बर, नगर पालिका बडौदामेव में प्री-कैम्प 12 दिसम्बर तथा शिविर 13 दिसम्बर, पंचायत समिति लक्ष्मणगढ में प्री-कैम्प 3 दिसम्बर तथा शिविर 9 एवं 10 दिसम्बर, नगर पालिका लक्ष्मणगढ में प्री-कैम्प 5 दिसम्बर तथा शिविर 11 दिसम्बर, पंचायत समिति गोविन्दगढ में प्री-कैम्प 5 दिसम्बर तथा शिविर 12 एवं 13 दिसम्बर, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास तृतीय घोडाफेर चौराहा अलवर में प्री-कैम्प 5 दिसम्बर तथा शिविर 6 एवं नगर निगम अलवर में प्री-कैम्प 5 दिसम्बर तथा शिविर 7 दिसम्बर, नगर पालिका बहादुरपुर में प्री-कैम्प 3 दिसम्बर तथा शिविर 6 दिसम्बर एवं नगर पालिका नौगांवा में प्री-कैम्प 9 दिसम्बर तथा

### मालाखेड़ा में आज गणेश पूजन के साथ शुरू होगा मालाखेड़ा उत्सव

## सांस्कृतिक कार्यक्रम व लोक संगीत इतिहास की जानकारी मिलेगी आमजन को



जयपुर टाइम्स

**मालाखेड़ा/अलवर(नि.सं.)।** जिले में मालाखेड़ा के ढाई सौ वर्ष पुराने स्थापना को लेकर मालाखेड़ा उत्सव का आगाज शनिवार को जमालपुर में प्रदर्शनी के आयोजन के साथ किया जाएगा। जिसका श्रीगणेश शनिवार को सुबह सवा 10 बजे गणेश पूजन व रंगोली कार्यक्रम के साथ होगा। मालाखेड़ा क्षेत्र के इतिहास की जानकारी रखने वाले पत्रकार अवधेश सिंह ने बताया कि यह सभी कार्यक्रम अलवर तथा मालाखेड़ा गेट पर अयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र परिसर में अन्य सभी कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में मालाखेड़ा उपखंड अधिकारी नवज्योति कवरिया, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार मालाखेड़ा मेघा मीणा, खंड मुख चिकित्सा अधिकारी लोकेश मीणा, थाना अधिकारी हितेश शर्मा, बिजली विभाग के तनिष्क कुमार मौजूद रहेंगे।

सिंह ने बताया कि मालाखेड़ा उत्सव के कार्यक्रम के दौरान राजकीय महाविद्यालय मालाखेड़ा में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार से राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल महुआ खुर्द, खारेडा में भी प्रश्नोत्तरी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एसवीएम स्कूल, मालाखेड़ा नवीन स्कूल, मालाखेड़ा के छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। कॉलेज प्राचार्य रवि कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य भगवान सहाय शर्मा, निर्मला कुमारी का कहना था मालाखेड़ा क्षेत्र का इतिहास गौरवशाली रहा है। ढाई सौ वर्ष पुराने आज भी अलवर गेट मालाखेड़ा गेट मौजूद है। इससे आमजन को जानकारी हासिल होगी। इसकी तैयारी के लिए सर्व समाज व संगठन सफल आयोजन में जुटे हुए हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व अध्यक्षता के लिए शुक्रवार को मालाखेड़ा अभिभाषक संघ के कानसिंह नरूका, रामनिवास चौधरी, देवेंद्र प्रधान, सुषमा बेरवा, पदम गुर्जर, पीसी मीणा, निराकार शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अवधेश सिंह नरूका, गोविंद जोशी, राहुल सिंह, मनोज कुमार सहित अन्य तहसीलदार मालाखेड़ा को निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया। दिव्यांगजन संस्थान के सतीश कुमार चौधरी ने बताया 30 नवंबर को मालाखेड़ा उत्सव का आगाज किया जाएगा।

### 50 वर्षों से बंद रास्ता खुला, ग्रामीणों में खुशी की लहर

# विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण हटाया, प्रशासन ने शुरू कराया नींव खुदाई का कार्य



जयपुर टाइम्स

**खैरथल(नि.सं.)।** हरसोली तहसील के अंतर्गत ग्राम गुरगचका में वर्षों से बंद पड़ा एक सार्वजनिक रास्ता जिला कलक्टर किशोर कुमार द्वारा चलाए जा रहे नवाचार खैरथल-तिजारा जिला राजस्व सुधार अभियान से खुल गया। शुक्रवार को तहसीलदार हरसोली वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने यह ऐतिहासिक कदम उठाया। मौके पर पटवारी हल्का नांगल सालिया, पतलिया, बाघेरी खुर्द और जटियाना के अधिकारियों की उपस्थिति रही। ग्राम गुरगचका के खसरा नंबर 537, 594, 599 और 721/356 (गैर-मुमकिन रास्ता) को लेकर लंबे समय से बंद था। यह रास्ता पिछले 50-60 वर्षों से अतिक्रमण के कारण बंद पड़ा था। जिला प्रशासन के निर्देश पर मौके पर पहुंची टीम ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाकर रास्ते को खोल दिया।

**विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण हटाया**

खैरथल-तिजारा तहसील के ग्राम धमूकड़ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की प्रशासनिक कार्यवाही ने ग्रामीणों को राहत दी। तहसीलदार नरेंद्र कुमार भाटिया एवं राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर यह कार्यवाही की। राजस्व टीम ने प्रधानाचार्य, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सचिन, और अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में विद्यालय भूमि, खसरा नंबर 1057 और 1068 का सीमांकन किया। मौके पर सीमाओं के निशान पुनः स्थापित कर सभी को इसकी जानकारी दी गई। जेसीबी की सहायता से विद्यालय भूमि के चारों ओर नींव खुदाई का कार्य भी तुरंत शुरू कराया गया। यह कदम न केवल विद्यालय की सुरक्षा के लिए है, बल्कि भविष्य में अतिक्रमण की संभावनाओं को भी समाप्त करेगा।

**प्रशासन की तत्परता से ग्रामीणों में संतोष**

इस कार्यवाही से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और जिला प्रशासन की तत्परता की सराहना की। प्रधानाचार्य और पंचायत प्रतिनिधि ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम विद्यालय और बच्चों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। ग्राम गुरगचका में वर्षों से बंद पड़ा एक सार्वजनिक रास्ता खुलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। आमजन ने इस कार्य के लिए जिला कलेक्टर किशोर कुमार और उनके राजस्व सुधार अभियान 2024 की सराहना की। ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह रास्ता उनकी कई समस्याओं का समाधान करेगा।

**जिला प्रशासन की नवाचार पहल**

खैरथल-तिजारा जिला राजस्व सुधार अभियान 2024 के तहत इस तरह के नवाचार से प्रशासन की सक्रियता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश किया गया है। ग्रामीणों ने इस पहल को एक बड़ा कदम बताया और प्रशासन को धन्यवाद दिया।

**प्रशासन की ओर से अपील**

तहसीलदार नरेंद्र कुमार भाटिया एवं नायाब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के अतिक्रमण की शिकायत तुरंत प्रशासन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन आमजन के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है।



## राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन आज, जिला कलक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 'राईजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट-2024 के तहत 30 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तान्या रिसोर्ट (राजगढ रोड) में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव रहेंगे तथा विशिष्ट अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा रहेंगे। इस दौरान जिले के प्रमुख औद्योगिक संघों एवं प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 240 निवेशकों के लगभग 10147.44 करोड रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए ब्रेन बिल्डेरा फाउंडेशन द्वारा 625 करोड रूपये, औद्योगिक पार्क विकसित करने हेतु मैसर्स अलवर डायनेमिक प्रा.लि. द्वारा 425 करोड रूपये, हैवल्स इंडिया लि. द्वारा 375 करोड रूपये, फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में मैसर्स देवादि ऑयल प्रोसेसिंग प्रा.लि. द्वारा 250 करोड रूपये तथा महेश एडिबल ऑयल मैन्यूफेक्चरर्स द्वारा 160 करोड रूपये, ई-वेस्ट रिसायक्लिंग के लिए ग्रीन स्पेस ईको मैनेजमेंट प्रा.लि. द्वारा 200 करोड रूपये, केमिकल्स क्षेत्र में लॉर्ड क्लोरो एल्कलीज द्वारा 175 करोड रूपये, विश्वविद्यालय स्थापना के लिए चिल्ड्रन एकेडमी सोसायटी द्वारा 100 करोड रूपये, स्पोर्ट्स एकेडमी स्थापना के लिए मारूति नन्दन एजुकेशनल सोसायटी द्वारा 90 करोड रूपये, होटल एवं पर्यटन क्षेत्र में बुर्ज सेलिब्रेशन द्वारा 65 करोड रूपये, यश होटल्स एंड रिसॉर्ट्स एलएलपी द्वारा 37 करोड रूपये एवं अगोरा होटल्स एंड सिसॉट्स द्वारा 25 करोड रूपये निवेश के एमओयू संपादित किए जाएंगे।

# राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
30 नवंबर, 2024


## आईएएस जाखड़ को राजस्थान कैडर

जयपुर टाइम्स



**रावतसर (नि.सं.)**। बाड़मेर के लाल आईएएस मोहनलाल जाखड़ को राजस्थान कैडर मिला है। प्रकाश राजपुरोहित के बाद मो मेंहनलाल बने इतिहास बनाने वाले बाड़मेर के दूसरे युवा IAS है जिनको राजस्थान कैडर मिला। गौरतलब है कि जाखड़ ने आईएएस में 53वी रैंक के साथ जगह बनाई थी। इसके अलावा जाखड़ ने हिंदी मीडियम में देश मे पाई थी पहली रैंक हासिल की थी। जाखड़ किसान परिवार से निकलकर पहले RAS फिर IAS बने है। , भाडखा निवासी पिता चंदा राम जाखड़ किसान है। जाखड़ के भाई राजस्थान पुलिस में है। जाखड़ को राजस्थान कैडर मिलने पर जिलेवासियों, परिजनों व मित्रों ने खुशी जताई है।

## विद्युत विभाग के निजीकरण के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**दूदू (निसं)**। हाईएन्युटी मॉडल पर प्रदेश के समूचे विद्युत विभाग के निजीकरण के विरोध में बिजली निगम के सभी श्रमिक संगठन लामबंद हो गए। बिजली निगमों में ताबड़तोड़ किये जा रहे निजीकरण के चलते विद्युत कर्मचारीयों में सरकार के प्रति गहरी नाराजगी एवं अपने भविष्य को लेकर रोष व्याप्त है। राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर विद्युत निगम के सभी श्रमिक संगठनों ने निजीकरण के विरोध में नरैना रोड़ स्थित जिला कलक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के दौरान सभी श्रमिक संगठनों के सभी कर्मचारी,अधिकारी मौजूद रहे। संघर्ष समिति के जयकिशन सोनी ने सरकार की मौजूदा नीतियों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि नीतियां राज्य की विद्युत व्यवस्था एवं सामरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक है। राजेश कुमावत ने बताया कि विद्युत वितरण के क्षेत्र में तीनों डिस्कॉम में वर्तमान में अधिकतर कार्य आउटसोर्स पर किये जा रहे हैं और इसे निजीकरण की ओर धकेला जा रहा है। इस दौरान सत्यनारायण मीणा,अभिमन्यु सिंह, सिद्धांत,मंगल चौधरी, विष्णु दत्त पारीक, जीतराम चौधरी, सुरज भड़ाना, महिपाल सिंह, पवन यादव, वीरेंद्र सहित अनेक कार्मिक मौजूद रहे।




## टोंक इन्वेस्टर मीट में रामाज् रिसोर्ट के ऑनर मोहित ने एमओयू किया




जयपुर टाइम्स

**चाकसू- (निस.)** राइजिंग राजस्थान टोंक इन्वेस्टर मीट में रामाज् रिसोर्ट के मोहित को किया सम्मिलित किया। वहीं रामाज् रिसोर्ट जयपुर टोंक बॉर्डर के कौथून के पास स्थित है टोंक ज़िले की शान है जानकारी में बताया गया कि रामाज रिसोर्ट में 90 रूम, 3 गार्डन, 2 बैंक्वेट हॉल 10,000 लोगो तक विवाह के लिये जगहाँ उपलब्ध है, यहाँ पर मुस्कान रेस्टोरेंट में प्योर वेज फ़ूड से अपने व्यंजन आप सभी के उपलब्ध है।

## जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में 'ऑपरेशन कवच 4.0': 125 चालान, 15 लाख से अधिक राजस्व वसूला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) कार्यालय की टीम ने 'ऑपरेशन कवच 4.0' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 125 से अधिक वाहनों का चालान किया और 15 लाख रुपये से अधिक राजस्व वसूला। इस अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वाले 35 से अधिक वाहनों को सीज भी किया गया। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रवर्तन दलों ने सघन जांच अभियान चलाते हुए 20 से अधिक ओवरलोड और ओवरक्राउडिंग के मामले, 20 से अधिक ओवरप्रोजेक्शन और 10 बिना परमिट वाले वाहनों समेत नियमों का उल्लंघन करने वाले कई अन्य वाहनों का चालान किया। इसके अतिरिक्त, लगभग 5 लाख रुपये की राशि सीएफ के रूप में वसूली गई।



इस अभियान के तहत नकली राजस्थान रोडवेज, प्रदूषण फैलाने वाले वाहन, ओवरलोड, ओवर क्राउड और ओवर प्रोजेक्टेड वाहनों पर विशेष कार्रवाई की गई। साथ ही, रश ड्राइविंग, ड्राइविंग के समय मोबाइल का उपयोग, बिना हेलमेट, बिना फिटनेस, बिना पीयूसी जैसे मामलों पर भी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की गई। शेखावत ने बताया कि नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन निलंबन की प्रक्रिया भी तेजी से पूरी की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा में सहयोग देने की अपील की।

# रबी सीजन में किसानों को मिलेगी निर्बाध बिजली आपूर्तिः अति.मुख्यसचिव




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने रबी सीजन के दौरान किसानों को ट्रिपिंग रहित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वितरण और प्रसारण निगमों के अभियंता एक टीम के रूप में कार्य करें और पीक डिमांड के दौरान बिजली आपूर्ति में कोई रुकावट न हो। आलोक ने शुक्रवार को विद्युत भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डिस्कॉम चेयरमैन आरती डोगरा और जोधपुर व अजमेर वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में फील्ड स्तर के अधीक्षण और अधिशासी अभियंता भी शामिल हुए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि वितरण निगम के अभियंता ट्रांसफॉर्मरों की नियमित चेकिंग करें और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तुरंत बदला जाए। वहीं, प्रसारण निगम के अभियंता ग्रिड सब स्टेशनों की निगरानी करते हुए जहां लोड अधिक हो, वहां उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगाएं। उन्होंने 220 और 132 केवी के नए ग्रिड सब स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि 15 दिसंबर तक सभी निविदाएं जारी कर दी जाएं।

डिस्कॉम चेयरमैन आरती डोगरा ने जले और खराब ट्रांसफॉर्मरों को 72 घंटे के भीतर बदलने और वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अभियंताओं से जनप्रतिनिधियों से नियमित फीडबैक लेने को कहा। प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि 132 और 220 केवी जीएसएस के ओवरलोड की समस्या के समाधान के लिए उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगाए जा रहे हैं।

बैठक में जोधपुर डिस्कॉम के एमडी डॉ. भंवरलाल और अजमेर डिस्कॉम के एमडी केपी वर्मा ने रबी सीजन के लिए तैयारियों की जानकारी दी। सभी वरिष्ठ अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती- 2024

## वांछित शैक्षणिक अर्हता न रखने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन विड्रॉ करने का अवसर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती -2024 के अंतर्गत वांछित शैक्षणिक अर्हता न होने पर भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन विड्रॉ करने का अवसर दिया गया है।आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा गृह (अभियोजन) विभाग के लिए सहायक अभियोजन अधिकारी के कुल 181 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 19/2023-24 गत 7 मार्च को राजस्थान अभियोजन अधीनस्थ सेवा नियम, 1978 के अन्तर्गत जारी किया गया था। इस सेवा नियम में शैक्षणिक योग्यता के अंतिम वर्ष में प्रवेशरत होने वाले/हो चुके अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा की तिथि तक शैक्षणिक योग्यता अर्जित कर लेने संबंधी प्रावधान विहित नहीं है।

उक्त भर्ती विज्ञप्ति के क्रम में पुनः स्पष्ट किया जाता है कि इस भर्ती के तहत आवेदन की अंतिम तिथि तक शैक्षणिक योग्यता अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को ही पात्र माना जायेगा। अतः जो अभ्यर्थी आवेदन की अंतिम तिथि तक शैक्षणिक अर्हता नहीं रखते हैं, वे अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 30 नवम्बर सक 9 दिसम्बर को रात्रि 12:00 बजे तक प्रत्याहारित करें। उक्त दिनांक के पश्चात् लिंक स्वतः ही निष्क्रिय हो जायेगा। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## रुक्मणि रियाड के निर्देश पर अन्नपूर्णा रसोईयों का औचक निरीक्षण, अधिकारियों ने परखी व्यवस्थाएं



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(नि.सं.)**। नगर निगम ग्रेटर की आयुक्त रुक्मणि रियाड के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोईयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जोन उपायुक्तों और अधिकारियों ने रसोईयों की व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया।महिला कामकाजी छात्रावास सब्जीमंडी लालकोठी, 80 फीट रोड सामुदायिक केंद्र के बाहर महेश नगर, राजस्थान महिला आयोग गांधी नगर मोड़ के पास, त्रिवेणी नगर पुलिया और टोंक रोड इंडिया गेट स्थित रसोईयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, विजिटर रजिस्टर, गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन, पेयजल व्यवस्था और टोकन वितरण प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही भोजन कर रहे लोगों से फीडबैक भी लिया गया।

फीडबैक में अधिकांश लोगों ने भोजन और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। जोन उपायुक्त मानसरोवर जोन, लक्ष्मीकांत कटारा ने त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे स्थित रसोई का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने लाभार्थी कूपन काउंटर, सूचना बोर्ड, भवन का रखरखाव, आधारभूत सुविधाएं और सौंदर्यीकरण का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आमजन के साथ बैठकर भोजन का स्वाद भी चखा।

उन्होंने रसोई प्रबंधन को साफ-सफाई और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त रुक्मणि रियाड के निर्देशन में किए गए इस निरीक्षण का उद्देश्य भोजन की गुणवत्ता और रसोई की व्यवस्था में और सुधार लाना था, ताकि जरूरतमंदों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### आरएलपी का 5 दिसम्बर से होगा सदस्य महाअभियान शुरू

## बीज घोटाला का आरोप, जांच की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(नि.सं.)**। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष मदनलाल ढाका की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन करने जा रही है। जिसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ वन-टू-वन चर्चा की गई है।

पूर्व तहसील अध्यक्ष सांवरमल जाखड़ ने कहा कि अभी पार्टी अपने स्तर पर क्षेत्र में हुए विभिन्न विभागों में घोटाले कि जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाही की मांग करते हुए एसडीएम कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा।

इस मौके पर रामकरण सारण,



किया गया। पार्टी के राकेश चौधरी ने कहा कि आरएलपी पार्टी आगामी सभी चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारेगी और आने वाली 5 दिसम्बर से सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी महा सदस्यता अभियान की शुरूवात में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने जा रही है। जिसमें प्रत्येक कार्यकओं को जागरूक होकर ध्यान देना होगा। वहीं पर किसान नेता रूपचंद सारण ने कहा कि 2023 में कोपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से बीज वितरण भगवान सहारण, सांवरमल जाखड़, समुद्र नायक, रूपचंद सारण, हीरालाल मुंड, प्रदीप मुहाल, मनफूल सारण, शिव चौधरी, सुरेंद्र थाकण, रामपाल चौधरी, शंकर लाल कड़वासरा आदि उपस्थित रहे।

## जयपुर गया था परिवार, पीछे से लाखों की चोरी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)**। झुंझुनूं में चोर एक बंद मकान के ताले तोड़कर नकदी व सोने- चांदी के जेवरात चुरा ले गए। परिवार के सभी लोग अपने बेटे के पास रहने के लिए जयपुर गए हुए थे। घटना झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 52 में बगड़ रोड़ की है। पीड़ित प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि वह 8 नवंबर को अपने मकान को बंद कर बेटे के पास जयपुर गया हुआ था। 27 नवंबर को पडोसी ने फोन कर मकान के ताले टूट होने की जानकारी दी। तब आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर रखी अलमारी, बक्से व सूटकेस के खुले हुए थे।

पूरा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। घर में रखे सामान की तलाशी ली तो 20 हजार रुपए नगद सहित चांदी के 50 सिक्के, चांदी के बरतन (थाली, कटोरे, ग्लास, चम्मच), चार चांदी के हाफ सेट, एक ब्रेसलेट, कड़ा, दो सोने के सिक्के, सोने के कान के टॉप्स, 10 तांबे के सिक्के, 10 पीतल, 10 मिश्र धातु के सिक्के सहित अन्य सामान गायब था। उसके पीड़ित ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रात 10 बजे से चार घंटे तक चला चिकित्सा शिक्षा सचिव का औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने गुरुवार देर रात एसएमएस मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रात 10 बजे से 2 बजे तक उन्होंने एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेंटर, जनाना अस्पताल और गणगौरी अस्पताल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं में सुधार के सख्त निर्देश दिए।

### अचानक पहुंचे आमजन की तरह

कुमार रात 10:15 बजे बिना पूर्व सूचना के एसएमएस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउंटर पर स्टाफ से प्रक्रिया की जानकारी ली। आपातकालीन इकाई में उन्होंने मरीजों के उपचार की प्रक्रिया, स्टाफ की उपस्थिति और एम्बुलेंस से लाए जा रहे मरीजों के लिए ट्रॉलीमैन की कमी पर नाराजगी जताई। उन्होंने ट्रॉलीमैन की संख्या बढ़ाने, इमरजेंसी में वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति और साफ-सफाई में सुधार के निर्देश दिए।

### वार्डों में व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान

आपातकालीन इकाई और वार्डों में उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बात कर फीडबैक लिया। वार्डों में कम्बल, बैडशीट और अन्य सुविधाओं की कमी दूर



करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को परिवार का सदस्य मानते हुए सेवा भाव से उपचार करें।

### ट्रोमा सेंटर और अन्य अस्पतालों का निरीक्षण

कुमार ट्रोमा सेंटर पहुंचे, जहां उन्होंने ड्यूटी चार्ट, मोबाइल नंबर और स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनाना और गणगौरी अस्पतालों के लेबर रूम, वार्ड और अन्य इकाइयों का निरीक्षण किया। प्लास्टर रूम में नर्सिंगकर्मियों और डॉक्टरों की उपस्थिति पर जोर दिया।

### रोगियों और परिजनों के लिए बेहतर सुविधाएं

उन्होंने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों के लिए गुणवत्तापूर्ण खानपान की व्यवस्था सुनिश्चित हो। रैन बसेरों में सुविधाएं बेहतर की जाएं।

### मेडिकल टूरिज्म के विकास पर जोर

कुमार ने कहा कि राजस्थान को मेडिकल टूरिज्म का हब बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में निजी बीमा धारकों और विदेशों से आने वाले मरीजों के लिए क्वालिटी ट्रीटमेंट की व्यवस्था विकसित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय .....

# भारतीय आर्थिक दर्शन एवं प्राचीन भारत में आर्थिक विकास

भारत में वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों में यह कहा गया है कि मानव जीवन हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्राप्त हुआ है। मोक्ष प्राप्ति के लिए अच्छे कर्मों का करना आवश्यक है। अच्छे कर्म अर्थात हमारे किसी कार्य से किसी पशु, पक्षी, जीव, जंतु को कोई दुःख नहीं पहुंचे एवं सर्व समाज की भलाई के कार्य करते रहें। अर्थात, इस धरा पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का कल्याण हो, मंगल हो। ऐसी कामना भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में की जाती है।इसी प्रकार, धर्म के महत्व को स्वीकार करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र, नारद की नारद स्मृति और याग्वल्य की याग्वल्य स्मृति में कहा गया है कि 'अर्थशास्त्रास्तु बलवत धर्मशास्त्र नीतिस्थिति'। अर्थात, यदि अर्थशास्त्र के सिद्धांत एवं नैतिकता के सिद्धांत के बीच कभी विवाद उत्पन्न हो जाए तो दोनों में से किसे चुनना चाहिए। कौटिल्य, नारद एवं याग्वल्य कहते हैं कि अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की तुलना में यानी केवल पैसा कमाने के सिद्धांतों की तुलना में हमको धर्मशास्त्र के सिद्धांत अर्थात नैतिकता, संयम, जिससे समाज का भला होता हो, उसको चुनना चाहिए। कुल मिलाकर अर्थतंत्र धर्म के आधार पर चलना चाहिए। गुनार मृडल जिनको नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं जिनकी 'एशियन ड्रामा' नामक पुस्तक बहुत मशहूर हुई थी। उन्होंने एक और छोटी किताब लिखी है जिसका नाम है 'अगेन्स्ट द स्ट्रीम'। इस किताब में उन्होंने अर्थशास्त्र को एक नैतिक विज्ञान बताया है। कुछ वर्ष पूर्व अखबारों में एक खबर छपी थी कि विश्व बैंक ने यह जानने के लिए एक अधय्यन प्रारम्भ किया है कि विकास में आध्यात्म की कितनी भूमिका है। इसी प्रकार दुनिया में यह जानने का प्रयास भी किया जा रहा है कि दरिद्रता मिटाने में धर्म की क्या भूमिका हो सकती है।

प्राचीन भारत के वेद-पुराणों में धन अर्जित करने को बुरा नहीं माना गया है। प्राचीन काल में वेदों का एक भाष्यकार हो गया है, जिसका नाम यासक था। यासक ने 'निघंटू' नामक ग्रंथ में धन के 28 समानार्थ शब्द बताए हैं, और प्रत्येक शब्द का अलग अलग अर्थ है। दुनिया की किसी पुस्तक में अथवा किसी अर्थशास्त्र की किताब में धन के 28 समानार्थ शब्द नहीं मिलते हैं। भारत के शास्त्रों में धन के सम्बंध में उच्च विचार बताए गए हैं। भारत के शास्त्रों ने अर्थ के क्षेत्र को हेय दृष्टि से नहीं देखा है एवं यह भी कभी नहीं कहा है कि धन अर्जन नहीं करना चाहिए, पैसा नहीं कमाना चाहिए, उत्पादन नहीं बढ़ाना चाहिए। बल्कि दरिद्रता एवं गरीबी को पाप बताया गया है। हां, वेदों में यह जरूर कहा गया है कि जो भी धन कमाओ वह शुद्ध होना चाहिए। 'ब्लैक मनी' नहीं होना चाहिए, भ्रष्टाचार करके धन नहीं कमाना चाहिए, स्मग्लिंग करके धन नहीं कमाना चाहिए, कानून का उल्लंघन करते हुए धन अर्जन नहीं करना चाहिए, ग्राहक को धोखा देकर धन नहीं कमाना चाहिए। मनु स्मृति में तो मनु महाराज ने कहा है कि सब प्रकार की शुद्धियों में सर्वाधिक महत्व की शुद्धि अर्थ की शुद्धि है। भारतीय शास्त्रों में खूब धन अर्जन करने के बाद इसके उपयोग के सम्बंध में व्याख्या की गई है।

# राहुल गांधी को राजनीति के कुछ सबक सीखने होंगे




कांग्रेस की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। महाराष्ट्र के नतीजे इसी बात को रेखांकित कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस न तो भारतीय जनता पार्टी को टक्कर दे पा रही है और न ही देशहित के प्रभावी मुद्दे उठा पा रही है। देश में कॉर्पोरेट विरोधी जो एकसूत्री एजेंडा राहुल ने अपनाया है, या संविधान-रक्षा एवं धर्म-निरपेक्षता के नाम पर एक सम्प्रदाय-विशेष की जो राजनीति वह कर रहे हैं, उसके सकारात्मक परिणाम नहीं आ रहे हैं, उनके इन मुद्दों के पक्ष में वोट नहीं मिले हैं। निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति में अगर कोई एक चीज है, जो नहीं बदली है, तो वह है भाजपा को मात देने में कांग्रेस की अक्षमता। भाजपा से सीधी टक्कर में कांग्रेस की हार का औसत प्रतिशत बढ़ता ही जा रहे हैं। अब तो कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोग दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। कांग्रेस के लिये जटिल से जटिलतर होते हालातों में केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश हो सकता है। निश्चित रूप से प्रियंका के राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगा अक्षमता एवं अपरिपक्क राजनीति का दाग इससे कैसे कम हो सकता है?

राहुल गांधी संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर पूरी तरह हमलावर रहते हैं, वे गैर-जरूरी मुद्दों को लेकर अक्सर संसद की कार्रवाई को बाधित करते हैं। अडाणी एवं कॉर्पोरेट विरोधी उनका एजेंडा देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये कितना नुकसानदायी साबित होता रहा है, देश की जनता ने इसे महसूस किया है। राहुल दस साल से यह गलती कर रहे हैं और उनकी पार्टी इसकी कीमत चुका रही है। कांग्रेस और विशेष रूप से उसके नेता राहुल गांधी न जाने कब से अदाणी समूह को कोस रहे हैं। एक अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद वह हाथ धोकर इस समूह के पीछे पड़ गए हैं, लेकिन शायद वह यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस के इस रवैये से सहमत नहीं है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे ऐसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं।

ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? यदि राहुल गांधी को यह लगता है कि अदाणी समूह दागदार है तो वह अपनी सरकारों को उससे कोई नाता न रखने के लिए क्यों नहीं कह पा रहे हैं? यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस अमेरिकी अदालत के आकलन को अंतिम सत्य की तरह क्यों ले रही है और वह भी तब, जब उसने रिश्वत के कथित लेन-देन के कोई प्रमाण नहीं पेश किए हैं?

नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी अपनी इस आक्रामकता से हासिल क्या करना चाहते हैं। विडम्बना देखिये कि संयुक्त अरब अमीरात, तंजानिया और श्रीलंका जैसे देश अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत की टिप्पणी को महत्व नहीं दे रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस के नेता और कुछ अन्य लोग उसे बिनी किसी जांच-पड़ताल दंडित करने को उतावले हैं। यह उतावलापन इसलिए भी ठीक नहीं, क्योंकि निवेशक अदाणी समूह पर भरोसा जता रहे हैं और इसी कारण उसके शेयरों में तथाकथित अमेरीकी कार्रवाई से भारी गिरावट के बाद पुनः तेजी देखने को मिल रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है।

हर जगह कांग्रेस अपने मजबूत सहयोगियों के बूते सीटें जीतने में कामयाब रही है। ओडिशा में कांग्रेस का वजूद खत्म हो चुका है। एक वक्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब वहां भाजपा छाई हुई है। जबकि इन राज्यों की डेमोग्राफी कांग्रेस के पक्ष में हैं, लेकिन सरकारें भाजपा की है। कांग्रेस मुद्दे नहीं तय कर पा रही है। बीजेपी हर राज्य के हिसाब से मुद्दे तय करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सीट के हिसाब के मुद्दों के हिसाब से बोलते हैं। वहां के इतिहास, भूगोल, राजनीतिक परिस्थितियां सबको ध्यान में रख कर बोलते हैं। लेकिन कांग्रेस इसके हिसाब से मुद्दे और रणनीति तय नहीं कर पाती। बड़ा सवाल ये है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित दिख रही कांग्रेस इसके बाद एक भी राज्य का चुनाव क्यों नहीं जीत पाई। आखिर उसकी रणनीति में कहां खामी है और वो बार-बार कहां चूक रही है?

लगभग जीत के मुहाने पर खड़ी कांग्रेस को हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ यही किस्सा अब राजनीतिक तौर पर देश के दूसरे बड़े अहम राज्य महाराष्ट्र में भी दोहराया गया। झारखंड में पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल थी और वो 2019 में जीती 16 सीटों में एक भी सीट का इजाफा नहीं कर पाई। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस बुरी तरह नाकाम रही। कांग्रेस 90 में से छह सीटें ही जीत पाई और नेशनल कॉन्फ्रेंस की जूनियर पार्टनर बन कर किसी तरह अपनी नाक बचा पाई। भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई। लेकिन राहुल गांधी ऐसे चुनावी मुद्दों को गढ़ने में क्यों असफल रहे? आखिर कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी इन स्थितियों पर गंभीर मंथन क्यों नहीं करते?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुस्लिम तुष्टीकरण का राग अलापते हुए देश में मुस्लिमों का तो पक्ष लेते हैं लेकिन बांग्लादेश एवं पाकिस्तान में हिन्दुओं पर हो अत्याचारों पर मौन साध लेते हैं। उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। राहुल गांधी बेतुकी आक्रामकता से उपरत क्यों नहीं हो रहे हैं? वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी दल अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है।

## समसामयिक

# बाल विवाह से मुक्ति बेटियों को देगा खुला आसमान




देश में बाल विवाह की प्रथा को रोकने, बढ़ते बाल-विवाह से प्रभावित बच्चों के जीवन को इन त्रासद परम्परागत रूढ़ियों की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिये सरकार ने बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करके एक सराहनीय एवं स्वागतयोग्य उपक्रम से हिम्मत और बदलाव की मिसाल कायम की है। यह एक शुभ संकेत एवं श्रेयस्कर जीवन की दिशा है। यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है? क्यों लोग परंपराओं के खूंटे से बंधकर अपने मासूस बच्चों एवं बचपन से खिलवाड़ करते हैं? हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत दूरगामी मानवीय सोच से जुड़ा एक संवेदनशील आह्वान एक नई सुबह की आहट एवं क्रांति के विस्फोट की संभावना है। यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक संकल्प है, एक रोशनी है, एक मंजिल है, एक सकारात्मक दिशा है। एक वादा है देशभर में बाल विवाह पर जागरूकता फैलाने और समाप्त करने का। यह नये भारत-सशक्त भारत की बुनियाद है। बाल विवाह रोकने के तमाम कार्यों, योजनाओं और कानूनों के बावजूद अगर कामयाबी नहीं मिल रही है, तो जाहिर है, एक विशेष अभियान छेड़कर केन्द्र सरकार ने सराहनीय कदम उठाया है। यह राष्ट्रीय अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई प्रमुख योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की सफलता से प्रेरित है, जो विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लड़कियों के बीच शिक्षा, कौशल, उद्यम और उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं बेटियों की आशाओं, आकांक्षाओं, संकल्पों से भरे सपनों की उड़ान को खुला आसमान देने में सक्षम होगा।

यह सुखद बात है कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 2029 तब बाल विवाह की दर को पांच प्रतिशत से नीचे लाने के मकसद से विशेष कार्य योजना बनाने का आग्रह किया है। यह बचपन की मासूमियत छीनने वाली 'बालविवाह' की बेड़ियों को तोड़ते हुए जागृति का एक शंखनाद किया है, एक समाज-क्रांति के बीज को रोपा गया है। सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्क फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। इसीलिये बाल-विवाह पर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्क सोच रखते हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी है कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। केंद्रीय मंत्री ने उचित ही कहा है कि बाल विवाह मानवधिकारों का उल्लंघन और कानून के तहत अपराध है। अच्छी बात है, सरकार ने अब एक तरह से मान लिया है कि कानून को जितना काम करना था, उसने किया इसके आगे अब विशेष अभियान की जरूरत है। बाल विवाह को रोकने के लिए अकेले कानून के भरोसे न बैठते हुए ठोस जागृति-अभियान की अपेक्षा है। अब सरकार ने इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिये कमर कसी है, तो उसका स्वागत होना चाहिए एवं इस अभियान को व्यापक रूप देना चाहिए।


बाल विवाह की कुरीति को देश में व्यापकता से देखने को मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मानवाधिकार उल्लंघन का सबसे खराब स्वरूप है। ठोस प्रयासों के बावजूद आज भी लगभग पांच में से एक लड़की का विवाह विधि सम्मत आयु 18 वर्ष से पहले कर दिया जाता है। किसी शहर में अगर एक विवाह सत्र में 1000 शादियां होती हैं, तो उनमें से 200 शादियों में दुल्हन की उम्र शादी लायक वैध नहीं होती। बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को यह भी बताया कि पिछले एक साल में लगभग दो लाख बाल विवाह रोके गए हैं। मतलब, सामाजिक संस्थाएं और पुलिस काम तो कर रही हैं, पर मंजिल अभी दूर है। बाल विवाह की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड, असम और आंध्रप्रदेश में है। देश में 300 ऐसे जिले हैं, जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। ऐसा लग रहा है, लोग बेटियों का जीवन तो बचा रहे हैं, प्राथमिक शिक्षा भी देने लगे हैं, पर उन्हें अधिक पढ़ाने और आगे बढ़ाने पर उनका ध्यान नहीं है। बेटियों की जब कम उम्र में शादी होती हैं तो श्रम बल के रूप में न केवल उनकी उत्पादकता, बल्कि देश की क्षमता पर भी असर पड़ता है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' की भविष्य दृष्टि से प्रेरित नये समाज की संरचना का दूरगामी प्रकल्प है। बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है।

देश में बाल विवाह की प्रथा को रोकने, बढ़ते बाल-विवाह से प्रभावित बच्चों के जीवन को इन त्रासद परम्परागत रुढ़ियों की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिये सरकार ने बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करके एक सराहनीय एवं स्वागतयोग्य उपक्रम से हिम्मत और बदलाव की मिसाल कायम की है। यह एक शुभ संकेत एवं श्रेयस्कर जीवन की दिशा है। यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है? क्यों लोग परंपराओं के खूंटे से बंधकर अपने मासूस बच्चों एवं बचपन से खिलवाड़ करते हैं?

## शख्सियत

# भारत के पहले लाइसेंसधारी पायलट थे JRD Tata, टाटा समूह को दी नई ऊंचाइयां



29 नवंबर को जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा का निधन हो गया था। वह भारतीय उद्योग में ही नहीं बल्कि आधुनिक भारतीय इतिहास में एक भी सम्मानीय हैं। वह अपने आदर्शों के लिए पहचाने जाते हैं और टाटा समूह के लंबे समय तक चेयरमैन भी रहे। टाटा समूह को उन्होंने अपने अथक प्रयास से नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया था। वह फेमस उद्योगपति रतनजी दादाभाई टाटा के पुत्र थे। इनको भारत में कई उद्योगों की शुरूआत करने के लिए जाना जाता है। वह भारत के पहले लाइसेंसधारी पायलट भी थे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

पेरिस में 29 जुलाई 1904 को जेआरडी टाटा का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम रतनजी दादाभाई टाटा और मां सुजैन ब्रियरे थीं। रतनजी टाटा मशहूर उद्योगपति जमशेदजी टाटा के चचेरे भाई थे। जेआरडी टाटा का बचपन फ्रांस में बीता और मुंबई आकर उन्होंने शुरूआती पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की।

### बचपन का सपना किया पूरा

बचपन से ही जेआरडी टाटा को हवाई जहाज से बहुत लगाव था। वह पहली बार 15 साल की उम्र में हवाई जहाज पर बैठे थे। उसी समय उन्होंने तय कर लिया था कि वह उड्डयन में अपना भविष्य बनाएंगे। इसी के चलते उनको 24 साल की उम्र में ही कमर्शियल पायलट का लाइसेंस मिल गया था और वह ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति थे।

### टाटा एयरलाइंस से एयर इंडिया का सफर

बता दें कि आरजेडी ने साल 1932 में टाटा एयरलाइंस की स्थापना की थी, जोकि बाद में एयर इंडिया के नाम से फेमस हुई। जेआरडी ने अपने कार्यकाल के दौरान एयर इंडिया को बुलंदियों पर पहुंचाने का काम किया था। उस समय में इस एयरलाइंस की सेवाएं बहुत मशहूर हुई थीं। हालांकि उनका विमान उड़ाने का शौक कायम रहा। जेआरडी ने साल 1930 में आगा खान प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भारत से इंग्लैंड तक अकेले सफर तय किया था। इसके अलावा उन्होंने कराची से मुंबई तक खुद उड़ान भरी थी।

### टाटा समूह की तरक्की

साल 1924 में जेआरडी को अपने परिवार का व्यवसाय संभालने के लिए मुंबई बुलाया गया। मुंबई आने के बाद उन्होंने टाटा स्टील के प्रभावरी निदेशक जॉन पीटरसन अधीन बाम्बे हाउस में कार्य शुरू किया। इसके 2 सालों बाद वह टाटा सन्स के निदेशक बने और साल 1991 तक चेयरमैन बने रहे। इस दौरान जेआरडी टाटा ने टाटा समूह को 14 कंपनियों से 90 कंपनियों का मालिक बना दिया।

साल 1955 में भारत सरकार ने जेआरडी टाटा को उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया और साल 1992 में उनको भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न मिला।

### मृत्यु

स्विट्जरलैंड में गुर्दे में संक्रमण के कारण 29 नवंबर 1993 को 89 वर्ष की आयु में जेआरडी टाटा का निधन हो गया। निधन के बाद उनको पेरिस के कब्रिस्तान में दफनाया गया था।

# जब इरीटेटिंग परिणीति को इशकजादें में लिए जाने के खिलाफ थे अर्जुन





**परिणीति** चोपड़ा और अर्जुन कपूर ने निर्देशक हबीब फैसल की रोमांटिक एक्शन फिल्म इश्कजादे में मुख्य भूमिकाएँ निभाई। अर्जुन कपूर ने हाल ही में रोहित शेट्टी की मल्टी- स्टारर एक्शन फिल्म 'सिंघम अगेन' मेन विलेन का रोल निभाया, फिल्म ने अच्छी कमाई की और लोगों ने अर्जुन कपूर की तारीफ भी की। निर्देशक हबीब फैसल की रोमांटिक एक्शन फिल्म इश्कजादे में परिणीति चोपड़ा के साथ लीड रोल में साल 2012 में डेब्यू करने के बाद भी, अर्जुन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, उनकी आखिरी फिल्म द लेडी किलर (2023) ने 45 करोड़ रुपये के कथित बजट के मुकाबले सिर्फ 60,000 रुपये की कमाई की। मशहूर निर्माता बोनी कपूर और दिवंगत मोना शौरी के बेटे एक्टर अर्जुन कपूर ने हाल ही में अपने करियर को लेकर बात की। उन्होंने अपनी पहली फिल्म इश्कजादे में परिणीति चोपड़ा की कास्टिंग के वक्त उनके मन में चल रही शंकाओं के बारे में बात की। अर्जुन ने मैशेबल इंडिया से कहा, जब कास्टिंग हुई तो मैं उनकी कास्टिंग के बहुत खिलाफ था। मैं ऐसा था, 'ये बहुत बात करती है' और उनकी रीडिंग भी खराब थी।



# रैपर बादशाह के रेस्तरां में हुआ बम धमाका

**बॉलीवुड** रैपर बादशाह के रेस्तरां चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ। इसकी जिम्मेदारी गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ने ली है।

26 नवंबर को चंडीगढ़ के 26 सेक्टर में जिस जगह पर बम ब्लास्ट हुआ है, वहां रेस्तरां और सेविले बार और लाउंज के मालिक रैपर बादशाह हैं। अधिकारियों की मानें तो विस्फोट मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों द्वारा फेंके गए कम तीव्रता वाले उपकरण से हुआ था।

### गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ने ली जिमेदारी

गैंगस्टर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा, जो लॉरेंस बिश्नोई की गैंग से संबंध रखते हैं। दोनों ने इस मामले की जिमेदारी ली है। उन्होंने कहा कि उन्होंने लब मालिकों से जबरन वसूली की मांग की थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, जिसके कारण उन्होंने विस्फोट को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने अभी तक दावे की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की है। इससे लॉरेंस बिश्नोई के कनेक्शन को लेकर बात की जा रही है।

### चंडीगढ़ में हुआ ये हादसा

पुलिस की मानें तो विस्फोट देओरा के बाहर हुआ, जो रैपर बादशाह के बार और लाउंज के पास है। विस्फोट से संपत्तियों को कुछ नुकसान हुआ, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। विस्फोट दोपहर करीब 2.30 बजे के बीच हुआ। इससे संपत्तियों को मामूली नुकसान हुआ है। चंडीगढ़ फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ-साथ बम का पता लगाने वाले दस्तों को सबूत इकट्ठा करने के लिए घटनास्थल पर भेजा गया।

# काजोल ने बताया अपनी गोरी रंगत का राज!



**बॉलीवुड** की मशहूर एक्ट्रेस काजोल, जो अपनी एक्टिंग और चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं, अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स के निशाने पर रहती हैं। खासतौर पर उनके बदले हुए लुक और गोरी त्वचा को लेकर लोग सवाल करते हैं।

कई बार उनके फैंस भी जानना चाहते हैं कि काजोल, जो पहले सांवली नजर आती थीं, अब इतनी गोरी कैसे हो गई। काजोल, जो दिग्गज अभिनेत्री तनुजा की बेटी हैं, ने 1992 में फिल्म बेखुदी से अपने करियर की शुरुआत की थी। लेकिन उनकी असली पहचान फिल्म बाजीगर से बनी, जिसमें उन्होंने शाहरुख खान के साथ काम किया।

इसके बाद काजोल ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है, और कभी खुशी कभी गम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से बॉलीवुड में अपनी जगह मजबूत कर ली।

### बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक

आज भी काजोल बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करती हैं। हालांकि, उनकी पोस्ट पर फैंस जहां प्यार बरसाते हैं, वहीं कुछ लोग उनके गोरेपन और लुक्स को लेकर ट्रोल करते हैं।



# भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर रवि किशन का बयान, बोले- जूनियर सुपरस्टार्स ने बर्बाद कर दिया

**एक्टर** रवि किशन के पास 2024 में जश्न मनाने के कई कारण हैं। उनकी फिल्म 'लापता लेडीज़' का ऑस्कर में जाना उनके लिए गर्व की बात है। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लगभग 34 सालों तक रहने के बाद, रवि किशन को लगता है कि आखिरकार उन्हें वह हक मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं। हालांकि, एक्टर भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर थोड़ा निराश हैं।

एक विशेष बातचीत में, रवि किशन ने बताया कि रीजनल सिनेमा ने हाल ही में जो उछाल देखा गया है, इस मामले में भोजपुरी इंडस्ट्री पीछे रह गई है। इसके साथ ही उन्होंने इसके पीछे का कारण भी बताया। अपने स्ट्रगल के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वो भोजपुरी इंडस्ट्री शुरू करने के लिए प्रेरित हुए। उन्होंने कहा, अजय देवगन, अक्षय कुमार और मैंने एक साथ एंट्री की थी, वे सभी आगे बढ़ गए और मैं अकेला पीछे रह गया। फिर मैंने अपनी खुद की भोजपुरी इंडस्ट्री बनाई।

मैं एक बड़ी रेस में था; मैं ट्रेन्ड था, कुछ हद तक मिथुन चक्रवर्ती जैसा दिखता था, लेकिन मुझे कोई मौका नहीं मिल रहा था। उन्होंने आगे कहा, मैं सेकेंड लीड, थर्ड लीड किरदार निभाते-निभाते थक गया था, तभी मुझे 'सइयां हमार' नाम की भोजपुरी फिल्म करने का मौका मिला।

मैंने इसे इसलिए लिया क्योंकि मैं 8-9 साल तक संघर्ष करने से बहुत निराश हो गया था, उस फिल्म ने मुझे बड़ी सफलता दी और मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिर मुझे बिग बॉस मिला और उस शो ने मुझ पर रीजनल एक्टर का ठप्पा लगा दिया.

# राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर एनिमल में दिखाई हिंसा पर की बात

**संदीप** रेड्डी वांगा की रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' एक बड़ी हिट साबित हुई थी, लेकिन बावजूद इसके फिल्म की जमकर आलोचना हुई और आज भी हो रही है। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने कहा कि फिल्मों के सीन आज भी उन्हें परेशान करते हैं। हालांकि राम गोपाल की खुद की कई फिल्मों में जमकर हिंसा दिखाई गई है।



'एनिमल' में हिंसा के बारे में बात करते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा, यह सेनाओं को एक-दूसरे से लड़ते हुए देखने से भी अधिक प्रभावशाली था। वास्तव में, मुझे याद है जब मैं नागार्जुन को शिव के बारे में बता रहा था, जब वह 'अग्नि पुत्रुदु' की शूटिंग कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि शिव में हिंसा बम फोड़े जाने और चाकू मारे जाने से भी अधिक गंभीर होगी। उदाहरण के लिए, नरेश के साथ अंधेरे में थिएटर से आने वाला सीन और जब उसे पीछे से मारा जाता है, हमला काफी प्रभावशाली है। आरजीवी ने कहा, मुझे रणबीर के सीन के साथ भी ऐसा ही महसूस हुआ। एनिमल में, विशेषकर लो एंगल शॉट। यह अब भी मुझे परेशान करता है।

राम गोपाल वर्मा ने कहा कि संदीप रेड्डी वांगा का किस तरह के व्यक्ति हैं, वास्तव में स्क्रीन पर दिखाई गई हिंसा से बिल्कुल अलग हैं। उनकी फिल्म में भले ही इस तरह के सीन हैं, लेकिन वो खुद एक शांत स्वभाव के इंसान हैं। राम गोपाल वर्मा ने वांगा से कहा, :मैं तुममें कभी गुस्सा नहीं देखता। हो सकता है कि आप इसे अपने किरदारों के लिए संभाल कर रखते हों, या आप ऐसा दिखा रहे हों जैसे कि आपमें वो गुस्सा है ही नहीं। संदीप रेड्डी वांगा इस वक्त मोस्ट अवेटेड प्रभास-स्टारर 'स्पिरिट' पर काम कर रहे हैं, इसमें प्रभास को एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में दिखाया जा सकता है।



# जेनिफर लोपेज का बोल्ड अंदाज, प्लीटेड मिनी स्कर्ट में फ्लॉन्ट किया टोन्ड फिगर

जेनिफर लोपेज अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। हसीना कभी भी शॉर्ट ड्रेस में अपना फिगर दिखाने से नहीं कतराती हैं। जेनिफर लोपेज मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसमें वह अपनी टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। 55 की सिंगर ब्लैक शर्ट और मैचिंग प्लीटेड मिनी स्कर्ट में बेहद बोल्ड लग रही हैं। हसीना ने मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स से लुक्स को पूरा किया था। जेनिफर कातिलाना अंदाज में कैमरे के सामने पोज दे रही है।

लोपेज़ के करियर के लिए 2024 शानदार रहा - एटलस एक बड़ी सफलता थी लेकिन बेन अफ्लेक संग उनके रिलेशनशिप ने खूब सुर्खियां बटोरी।

# नागार्जुन के घर दोहरी खुशियों का माहौल, नागा के बाद छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने की सगाई




नागार्जुन के घर दोहरी खुशियों का माहौल है। बड़े बेटे नागा के बाद तेलुगु अभिनेता के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने भी सगाई कर ली है। अभिनेता ने पोस्ट कर जैनब रावदजी का परिवार में स्वागत किया है। अनुभवी तेलुगु अभिनेता नागार्जुन के घर पर दोहरी खुशियों का माहौल है। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी से कुछ दिन पहले अभिनेता के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने सगाई कर ली है। उन्होंने लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड और लाइफस्टाइल ब्लॉगर जैनब रावदजी से सगाई की है। नागार्जुन ने अपने एक्स हैंडल पर जोड़े की एक तस्वीर के साथ खुशखबरी की घोषणा की और परिवार में जैनब का स्वागत किया।

### नागार्जुन के छोटे बेटे ने की सगाई

छोटे बेटे और होने वाली बहू की एक तस्वीर को साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, अपने बेटे अखिल अक्किनेनी और हमारी होने वाली बहू जैनब रावदजी की सगाई की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं।

# जब पत्नी बोलतीं है तो मैं खामोश हो जाता हूं: खेसारी लाल यादव



**भोजपुरी** एक्टर खेसारी लाल यादव इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में खेसारी लाल यादव ने काजल राघवानी से जुड़े कई बयान दिए थे जिसकी वजह से वो चर्चा में रहें, मगर अब उसी पॉडकास्ट से उनका एक और बयान वायरल हो रहा है। जहां खेसारी लाल यादव अपनी वाइफ को लेकर बयान देते नजर आ रहे हैं।

जब खेसारी लाल से पूछा गया कि क्या उनकी वाइफ उनसे लड़ती हैं तो खेसारी ने कहा कि हां और क्यों नहीं लड़ेगी। खेसारी ने कहा, ऐसा नहीं है कि मैं कह दूं कि मेरी वाइफ लड़ती नहीं है? क्यों नहीं लड़ेगी भाई? लड़ाई तो वहीं होती है जहां हक होता है, जहां पर प्यार होता है, जहां पर रिश्ते होते हैं। तो उसका लड़ना भी जायज़ है, ठीक है। हम भी चुप हो जाते हैं, शांत हो जाते हैं, कि चलो यार कोई बात नहीं, हर जगह तो मैं जीत ही जाता हूं, हर आदमी को तो चुप करा ही देता हूं। कहीं तो मुझे चुप होना पड़ेगा।

वर्क फ्रंट की बात करें तो खेसारी लाल यादव जल्द ही आकांक्षा पुरी के साथ दो फिल्मों में नजर आएंगे। एक फिल्म का नाम है 'राजा राम' जिसमें दोनों का स्पेशल सॉन्ग 'चुम्मा चुम्मा' है। ये वीडियो सॉन्ग काफी बोल्ड है। इसमें खेसारी और आकांक्षा पुरी की केमिस्ट्री की काफी चर्चा है। इसके अलावा आकांक्षा और खेसारी की भोजपुरी फिल्म 'अग्नि परीक्षा' भी लाइन में है।

खेसारी लाल यादव और काजल राघवानी के बीच काफी झगड़े हुए और दोनों के अफेयर और ब्रेकअप की खबरें भी खूब उड़ीं और अब खेसारी लाल का नाम आकांक्षा पुरी के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों हाल ही में जिम में कुछ ऐसे वर्कआउट करते दिखे जिसके बाद से दोनों के अफेयर की खबरें और तेजी से आने लगीं। मगर खेसारी लाल यादव ने इस पर सफाई दी है।

# राजकुमार संतोषी की मुश्किलें बढ़ीं

### सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में बरकरार रखी सजा

**राजकोट** के सत्र न्यायालय ने निर्माता-निर्देशक राजकुमार संतोषी को दो चेक बाउंसिंग मामलों में निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। 17 फरवरी को जामनगर की अदालत ने संतोषी को दो साल की सजा और दिए गए पैसे की दोगुनी राशि जमा करने का आदेश दिया था।

राजकोट के सत्र न्यायालय ने निर्माता-निर्देशक राजकुमार संतोषी को दो चेक बाउंसिंग मामलों में एक-एक साल की सजा सुनाने वाली निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि संतोषी को पीड़ित को मुआवजा भी देना होगा। संतोषी ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की थी, लेकिन सत्र न्यायालय ने उनकी अपील को खारिज कर दिया।

**अदालत ने बरकरार रखी सजा:** इस मामले में शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीन कोटेचा ने अदालत में दलीलें दीं, जिनके तर्कों को अदालत ने स्वीकार किया। प्रवीन कोटेचा ने संतोषी के खिलाफ आरोपों को मजबूती से रखा, जिसके बाद अदालत ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया।

**निचली अदालत ने दिया था ये फैसला:** 17 फरवरी को जामनगर की सातवीं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने राजकुमार संतोषी को चेक बाउंसिंग के दो मामलों में दो साल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अदालत ने संतोषी को वह रकम दोगुनी राशि में जमा करने का आदेश भी दिया था, जो उन्होंने शिकायतकर्ता को चुकानी थी।

**सत्र न्यायाल ने खारिज कीं संतोषी की दलीलें:** संतोषी ने अपनी अपील में दावा किया था कि वह किसी तरह की धोखाधड़ी में शामिल नहीं थे, लेकिन सत्र न्यायालय ने उनकी दलीलें खारिज करते हुए निचली अदालत के आदेश को मान्यता दी। इस फैसले से यह साफ है कि अदालत ने शिकायतकर्ता के पक्ष में मजबूत फैसला दिया है।





# स्वस्थ तन और मन के लिए याद रखें 5 नियम

**हमारे शरीर की हर प्रणाली आपस में जुड़ी हुई है। इसलिए, हमारा शारीरिक स्वास्थ्य हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, और हमारा मानसिक स्वास्थ्य हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। हम इन नियमों को नियमों की तरह नहीं मानते हैं, क्योंकि ये जीवन का एक तरीका हैं।**

## पूरा पोषण लेना

पोषण लेने का मतलब यह नहीं है कि हम हर समय सलाद खाते रहते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करता है कि हम अपने शरीर को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा से लेकर सभी विटामिन और खनिजों तक सभी पोषक तत्वों से भर दें। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा कुल कैलोरी सेवन हमारे शरीर संरचना लक्ष्यों के अनुरूप है। यह भी सुनिश्चित करते हुए कि हमारे आहार में हमारे पसंदीदा और मुख्य खाद्य पदार्थ हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारे शरीर का 50-60 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है और हमें इष्टतम स्वास्थ्य, मस्तिष्क के कार्य आदि के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है।

## व्यायाम और गतिविधि

सप्ताह में कम से कम 3-5 बार व्यायाम करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। व्यायाम का कोई भी रूप जो हमारे लिए सुरक्षित है, और जिसका हम आनंद लेते हैं, हम में से अधिकांश के लिए एक अच्छी शुरुआत है। दैनिक आधार पर सक्रिय रहने और अधिक कदम (8-10' कदम) चलने के साथ इसे जोड़ना एक आदर्श संयोजन बनाता है।

## इसके बाद नींद आती है

हर रात 75 घंटे से ज्यादा सोना अच्छा होता है। पर्याप्त नींद भी हमारी उत्पादकता में सुधार करती है और लालसा, भूख को कम करती है, सूजन और भावनात्मक प्रतिक्रिया को कम करती है।

## तनाव प्रबंधन और दिमागीपन

दूसरी ओर, तनाव प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है, अगर तनाव को ठीक से प्रबंधित किया जाए, तो यह वास्तव में हमें बेहतर प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। याद रखें, हमारे विचारों की गुणवत्ता हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करती है। इसलिए, हमें सक्रिय रूप से अपने दिमाग पर काम करना चाहिए, खुद को सुधारना चाहिए और अपने मानसिक दोषों को कम करना चाहिए। नियमित रूप से ध्यान करना और कृतज्ञता जर्नलिंग रूटीन रखना इनके लिए एक गेम चेंजर है।

## पर्यावरण और नियमित प्रबंधन

पर्यावरण प्रबंधन में हमारे पर्यावरण में सब कुछ शामिल है। किचन में खाने से लेकर हमारी आदतों और सोशल मीडिया पर हम लोगों को फॉलो करते हैं। क्या हम अपने आत्म-विकास और हमारे लिए महत्वपूर्ण लोगों को पर्याप्त समय दे रहे हैं? यह उस तरह के लोगों तक भी फैलता है जिनसे हम खुद को घेरते हैं। खुद से पूछने के लिए कुछ प्रश्न : क्या वे हमें प्रेरित करते हैं? क्या वे हमें और हमारे लक्ष्यों का समर्थन करते हैं? क्या वे हमें सुधारने में मदद करते हैं? क्या हमारी दिनचर्या हमें स्वस्थ बनाती है, हमें मनुष्य बनाती है या हमें अधिक उत्पादक बनाती है? मैं अत्यधिक सुबह और सोने से पहले की दिनचर्या रखने की सलाह दूंगा।



# आलू का करें छिलके सहित इस्तेमाल जानिए इसके लाभ

सब्जी बनाते समय हम जब आलू का इस्तेमाल करते है, तो आमतौर पर लोग इसके छिलके निकाल कर फेंक देते है, और इसके बाद ही आलू का इस्तेमाल करते है, लेकिन क्या आप जानते हैं आलू को छिलके सहित इस्तेमाल करने के क्या सेहत लाभ मिलते हैं।

## ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है

आलू में भरपूर मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है, जो कि ब्लड प्रेशर को रेग्युलेट करने में मदद करता है।

## मेटाबॉलिज्म ठीक रखता है

आलू के छिलकेमेटाबॉलिज्म को भी सही रखने में मददगार होते है। इन्हें खाने से नर्व्स को मजबूती मिलती है।

## एनीमिया से दूर रखता है

आलू के छिलकेमें आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है जिससे एनीमिया होने का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है।

## ताकत

आलू के छिलकेमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी3 पाया जाता है, जो कि शरीर को ताकत देने का काम करता है।

## फाइबर से भरपूर

हमारी डाइट में फाइबर की कुछ मात्रा जरूर शामिल होना चाहिए और आलू के छिलकेमें अच्छी मात्रा में फाइबर्स होते हैं। ये डाइजेस्टिव सिस्टम को भी बूस्ट करने का काम करते है।

# लहसुन-अदरक के सेवन से रहें सेहतमंद

**किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं और इसे मजबूत करने के लिए अपनी डाइट में पौष्टिक आहार व सही दिनचर्या का पालन करना भी जरूरी है। साथ ही ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करने की आवश्यकता है, जो हमें अंदर से मजबूत बनाए। हमारी रसोई में वे सारी औषधियां मौजूद हैं जिनके गुणों से हम अभी भी अनजान हैं।**

जी हां, आप अदरक-लहसुन का इस्तेमाल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए जरूर करते होंगे, लेकिन क्या आप इसके सेहत लाभ के बारे में जानते हैं? लहसुन-अदरक के सेवन से आप निरोगी काया पा सकते हैं। लेकिन इसी के साथ इसका सेवन कैसे करना है, इस बारे में भी हमें पता होना आवश्यक है। अधिकतर लोग यह सोचते हैं कि केवल खाने में ही अदरक-लहसुन का सेवन काफी है लेकिन इसके अलावा भी आपको इनका सेवन करना चाहिए, क्योंकि खाने के पकने के दौरान इनके गुण कम हो जाते हैं। आइए जानते हैं इस लेख में लहसुन-अदरक के फायदों व सेवन करने के सही तरीके के बारे में।

## इम्यून सिस्टम को कैसे करें मजबूत?

इम्यून को मजबूत करने के लिए लहसुन का इस्तेमाल करें। इसे खाने में पका के खाने की बजाय इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। कुछ देर इन्हें हवा लगने दें। लहसुन में एंटीमाइक्रोबियल तत्व पाया जाता है। ये तत्व वायरस, बैक्टीरिया व फंगस के खिलाफ काम करते हैं। लहसुन खाने से एंटीवायरस प्रोटेक्शन भी मिलता है।

## लहसुन कैसे खाएं

इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। इसे आप खाना खाने के बाद पानी के साथ ले सकते हैं। लहसुन को चबा-चबाकर खाने की बजाए इसे पानी के साथ सीधा निगल लें। इस तरह से लहसुन का सेवन करने से यह ज्यादा फायदेमंद होता है। लहसुन को 25 से 30 दिन नियमित खाने के बाद आपके अंदर से लहसुन की खुशबू आना शुरू हो जाएगी तब आप समझ जाएं कि इससे अधिक आपको लहसुन का सेवन नहीं करना है।
लहसुन कई लोगों को हजम नहीं होता है। इसके लिए आप इसका सेवन एकसाथ न करें व धीरे-धीरे इसकी आदत डालें। शुरुआत के समय आप लहसुन के एकदम छोटे से हिस्सा का सेवन करें, फिर इसी तरह धीरे-धीर इसे बढ़ाएं। जब आप लहसुन ले रहे हैं तो इसके साथ दही का सेवन भी करें।

## अदरक

अदरक औषधीय गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से आप अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रख सकते हैं। इसका नियमित सेवन आपको कई स्वास्थ्य लाभ देगा।

## अदरक को कैसे खाएं?

अदरक को बिलकुल बारीक पीस लें व कद्दूकस करें। आपको अदरक 1 चम्मच लेना है। इसमें 6 गिलास पानी डालें। अब इसे उबलने दें। जब यह पानी 3 गिलास हो जाए तो इसे 1 कप में निकाल लें। इसे आप गुड़ या शहद के साथ भी ले सकते हैं। दिनभर में एक बार इसका सेवन करें।



# क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?

वॉकिंग करना यानी टहलना कई वजहों से हेल्थ के लिए फायदेमंद ही है। इससे दिल स्वस्थ रहता है, कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है, मूड को बेहतर बनाता है। लेकिन क्या खाना खाने के बाद वॉकिंग करना हेल्दी है? स्टडी से पता चलता है कि यह शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।

## यह ब्लड शुगर को रखता है मैंटेन

डायबिटीज मैनेजमेंट में एक अहम हिस्सा आपकी फिजिकल एक्टिविटी होती है। टाइप 2 डायबिटीज रोगियों के साथ एक कंट्रोल्ड ट्रायल में पाया गया कि जो लोग अपने मुख्य भोजन के बाद वाकिंग करते थे उनका शुगर लेवल उन रोगियों की तुलना में कम था जो दिन में सिर्फ एक बार चलते थे।

## दिल के लिए है अच्छा

एक्सरसाइज आपके दिल को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर दिन चलने से आपको हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है। दरअसल करेंट ओपिनियन इन कार्डियोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार वाकिंग करना कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ, ब्लड सर्कुलेशन और ब्लडप्रेशर के लिए फायदेमंद होता है। इस तरह खाना खाने के बाद चलना आपके दिल की देखभाल करने का एक अच्छा तरीका है।

## पाचन को रखता है दुरुस्त

रिसर्च कहती है कि फिजिकल एक्टिविटी के एंटी इन्फलेमेटरी एक्टिविटी के कारण खाना खाने के बाद चलना पाचन में सुधार कर सकता है। एक्सरसाइज से अपनी आंतों में फैट, लिपिड और ग्लूकोज मेटाबोलिज्म के परिवर्तनों को कम करने में मदद करते हैं जो इन्फलेमेटरी स्थितियों को कम कर सकते हैं।

## लेकिन दुष्प्रभाव भी हैं

खाने के बाद वॉकिंग करना पेट में तकलीफ की वजह भी बन सकता है। इनमें अपच, मतली, उल्टी, पेट फूलना, गैस, दस्त, और दर्द शामिल हैं। यह एक हाई कार्बोहाइड्रेट सेवन या हाल ही में खाए गए खाद्य पदार्थों के पाचन में समस्याओं के कारण होता है। इससे बचने के लिए आपको चलने से 30 मिनट पहले इंतजार करना चाहिए।



**चलना या वॉकिंग करना ऐसी एक्टिविटी है जिसे आप आसानी से अपनी रूटीन में शामिल कर सकते हैं। लेकिन क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?**





# जानिए मुलेठी के ये गजब के फायदे

मुलहठी स्वाद में मीठी होने के साथ-साथ कई औषधि गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से न सिर्फ खांसी में आराम मिलता है बल्कि इसके कई फायदे भी है। इसका इस्तेमाल आंखों के रोग, मुंह के रोग, गले के रोग, दमा, दिल के रोग, घाव के उपचार के लिए सदियों से किया जा रहा है आइए जानते हैं मुलहठी के गजब के फायदों के बारे में.

- अगर आप सूखी खांसी या गले की समस्याओं से परेशान हैं, तो मुलहठी आपके काम की चीज है। काली मिर्च के साथ पीस कर मुलहठी का सेवन, सूखी खांसी में तो लाभकारी है ही, साथ ही इसे चूसने या उबालकर सेवन करने से गले की खराश, दर्द आदि में भी लाभ होता है।
- मुलहठी चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करती है। इसे घिसकर लगाने पर चेहरे के दाग और मुंहासे ठीक हो जाते हैं, साथ ही यह आपकी त्वचा को जवा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- मुलहठी रक्त को भी शुद्ध करती है जिससे त्वचा की समस्याएं नहीं होती।
- दूध के साथ मुलहठी का सेवन शरीर की ताकत में वृद्धि करता है। इसके अलावा घी व शहद के साथ मुलहठी का प्रयोग करने से हृदय से संबंधित समस्याएं नहीं होती।
- मुंह में छाले हो जाने की स्थिति में मुलहठी चूसना, इसके पानी से कुल्ला करना और उसे पीना बहुत जल्दी छालों से राहत देता है। साथ ही मुलहठी आवाज को मधुर और सुरीली बनाने के लिए भी उपयोग की जाती है।
- पेट के अल्सर में मुलहटी का सेवन ठंडक देने के साथ ही लाभप्रद होता है। आंत की टीबी होने की स्थिति में भी मुलहठी फायदेमंद उपाय है।
- त्वचा या शरीर में कहीं जल जाने पर भी मुलहठी के चूर्ण और मक्खन का लेप एक कारगर उपाय है, साथ ही यह आंखों की रौशनी में भी वृद्धि करती है।



# पेट से जुड़ी समस्याओं से हैं परेशान तो इन आसान उपायों से पाएं छुटकारा

**लाइफस्टाइल में बदलाव का सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। गलत खान-पान आपकी सेहत को प्रभावित करता है, ऐसे में पेट से जुड़ी समस्या का होना आम बात है। जैसे पेट दर्द, गैस, पेट का फुलना आदि। वहीं कुछ लोग पेट अच्छी तरह साफ न होने की शिकायत रहती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप पेट साफ न होने की समस्या से निजात पा सकते हैं।**



- बदहजमी से परेशान है, तो आपको पुदीने का सेवन करना चाहिए। पुदीना पेट को साफ करने में मदद करता है। इसका सेवन आप चटनी के रूप में भी कर सकते है।
- सौंफ और सफेद जीरा पाउडर को पहले तवे पर भून लें और फिर उसे मिलाकर पीस लें। अब इस पाउडर का सेवन या तो दिन में एक बार करें या फिर अगर पेट साफ न होने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं, तो इसका सेवन दो से तीन बार करें। आपको पेट साफ न होने की समस्या से राहत मिलेगी।
- नियमित रूप से सुबह के समय गुनगुना पानी पीने की आदत बनाएं। इसके कई फायदे हैं। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और शरीर से सभी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है।
- अजवाइन का बीज गैस और बदहजमी की समस्या को दूर करता है और तुरंत पेट को साफ करता है। इसके लिए आप अजवाइन के बीज को भूनकर रख लें और खाना खाने के बाद कुछ बीजों को रोज चबाएं।

# सुमेरपुर-शिवगंज दिव्यांग प्रीमियर लीग विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया, दिव्यांगों को मुख्यधारा में लाने का लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित सुमेरपुर-शिवगंज दिव्यांग प्रीमियर लीग (एसएसडीपीएल) टुर्नामेंट विजेता ट्रॉफी का अनावरण कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के द्वारा शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग जनों को प्रोत्साहित करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर ट्रस्ट संस्थापक पंकज राज मेवाड़ा,जो कि बौर्ड ऑफ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया के चेयरमैन, तारा संस्थान उदयपुर सिरोही, पाली जिला अध्यक्ष, अपने साथियों के साथ ट्रॉफी का अनावरण किया। पंकज राज मेवाड़ा, भारतीय रेडक्रोस सोसायटी चार्टर अध्यक्ष भी हैं और उन्होंने इस पहल के तहत दिव्यांग जनों को खेल के माध्यम से समाज में उनकी जगह सुनिश्चित करने की महत्ता को बताया।

## मंत्री कुमावत ने दी शुभकामनाएं

ट्रॉफी अनावरण समारोह में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट की सराहना की और सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, "दिव्यांग जनों के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के कार्यक्रमों से उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और वे समाज में अपनी पहचान बना सकते हैं।" मंत्री कुमावत ने नवभारत सेवा ट्रस्ट द्वारा सामाजिक कार्यों की भी सराहना की और ट्रस्ट के संस्थापक मेवाड़ा और उनके टीम को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी।




## अध्यक्ष मेवाड़ा का संदेश

इस अवसर पर पंकज राज मेवाड़ा ने सुमेरपुर-शिवगंज और आसपास के क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर दिव्यांग जनों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा, "यह कार्यक्रम सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं है,बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां दिव्यांग व्यक्तियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। हम चाहते हैं कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में दिव्यांग जनों के प्रति जागरूकता और समझ बढ़े।"

## समाजसेवी और गणमान्य लोगों की उपस्थिति

इस कार्यक्रम में कई प्रमुख समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें पूर्व पार्षद गोविंद राठौड़, नेनमल सोनी, झुम्मरलाल गर्ग, उषा अग्रवाल (श्री सनातन धर्म महिला सेवा समिति की अध्यक्ष),गुड़िया अग्रवाल,राकेश भाटी,सूरज बोराणा, अंजली अग्रवाल, तमन्ना राठौड़, पूजा अग्रवाल, भूमिका राजपुरोहित, जयश्री रावल, जानम राजपुरोहित, तनीषा राठौड़, शशिबाला गुप्ता, इंदिरा अग्रवाल, सतीश अग्रवाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सामाजिक उत्थान का मार्ग

■ **दिव्यांगों के हित में आयोजित**
कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यह बात उभरकर आई कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल दिव्यांग जनों का उत्साहवर्धन होता है,बल्कि समाज में उनके प्रति सोच बदलने की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम है। आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग जनों को खेल के माध्यम से खुद को साबित करने का अवसर प्रदान करना और उनकी समृद्धि की दिशा में एक नया रास्ता खोलना है।

■ **नवभारत सेवा ट्रस्ट की भूमिका**
नवभारत सेवा ट्रस्ट हमेशा से ही समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के लिए काम किया है, और इस कार्यक्रम के माध्यम से उसने यह साबित किया कि वह दिव्यांग जनों के लिए अपने प्रयासों को लगातार जारी रखेगा। ट्रस्ट के संस्थापक पंकज राज मेवाड़ा और उनकी टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है।

■ **आगे का रास्ता**
ट्रस्ट के संस्थापक और कार्यक्रम आयोजक पंकज राज मेवाड़ा ने इस पहल को एक शुरुआत के रूप में देखा और भविष्य में दिव्यांग जनों के लिए और भी कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। वे चाहते हैं कि समाज में दिव्यांग जनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास हो और वे किसी भी मामले में अन्य व्यक्तियों से कम न समझे जाएं।

# डाइट शाहपुरा में 5 दिवसीय ई-कंटेंट निर्माण कार्यशाला का समापन



जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** राजकीय जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डाइट में ईटी प्रभागाध्यक्ष कैलाश चंद्र जांगिड़ के सानिध्य में 5 दिवसीय ई-कंटेंट निर्माण कार्यशाला का आयोजन सम्पन हुआ। कार्यशाला 25 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दीक्षा ऐप के लिए उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो कंटेंट का निर्माण करना था, ताकि शिक्षकों और छात्रों को डिजिटल शिक्षा में सुलभ और उपयोगी सामग्री मिल सके। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर मोहन लाल रेगर,उप प्राचार्य एवं प्रशांत चौधरी,व्याख्याता भूगोल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फूलिया कलां ने अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से प्रतिभागियों को वीडियो निर्माण, स्क्रिप्ट लेखन, एनिमेशन और संपादन की बारीकियां सिखाईं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दीक्षा ऐप पर वीडियो अपलोड करने की प्रक्रिया और प्लेटफ़ॉर्म के उपयोग की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला में साइबर सिक्योरिटी के ऊपर भी चर्चा की गई।कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने द्वारा तैयार किए गए वीडियो का प्रदर्शन किया, जिसे प्रभागाध्यक्ष जांगिड़ सहित अन्य अधिकारियों ने सराहा। दीक्षा ऐप के लिए इस प्रकार का कंटेंट निर्माण शिक्षकों की डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने और नई तकनीकों को अपनाने में सहायक साबित होगा।

# लॉयन श्याम सुन्दर मंत्री लॉयन्स क्लब आफ इचलकरणजी के सदस्यों से मिले

### प्रान्त 3233 ई 2 की और से सदस्यों का किया सम्मान एवं ब्लड बैंक का किया अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** लॉयन्स प्रान्त 3233 ई 2 के प्रान्तपाल एमजेएफ लॉयन श्याम सुन्दर मंत्री ने इचलकरणजी प्रवास के दौरान प्रान्त 3234 डी 1 के पूर्व प्रान्तपाल विजय कुमार राठी से सम्पर्क साधकर ब्लड बैंक का अवलोकन करने की एवं इचलकरणजी क्लब के सदस्यों से मिलने मिलने की इच्छा व्यक्त की और उन्होंने ब्लड बैंक में आने का निमंत्रण देकर क्लब अध्यक्ष हेमा डालिया, कोषाध्यक्ष प्रिती पोद्दार, विनय महाजन, लक्ष्मीकान्त बांगड़, कृष्ण कुमार दम्मानी, लक्ष्मीकान्त भटड़, सुषमा के दातार, सुरज दूबे, गजानन होगडे , कैलाश चन्द्र जोशी आदि सदस्यों से परिचय कराया। डीजी श्याम सुन्दर मंत्री ने सभी को प्रान्त की सेवा और संस्कार की पीन, त्रैमासिक न्यूज़ लेटर, संस्कार सुरभि पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। माहेश्वरी समाज के सन्तोष काबरा एवं जैन समाज के अशोक पाटोदी भी मंत्री के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने दोनों प्रान्तों के कार्यक्रमों के बारे में आपस में विस्तार से चर्चा की। पीडीजी विजय कुमार राठी ने प्रान्तपाल मंत्री का परिचय कराया और जानकारी देते हुए कहा कि इचलकरणजी में लॉयन्स के द्वारा 2 आई हॉस्पिटल एवं एक ब्लड बेंक संचालित है। इचलकरणजी के लॉयन साथियों ने मंत्री का शाल ओढ़ाकर क्लब की पीन एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का अभिनन्दन किया। अशोक पाटोदी ने लॉयन साथियों को बताया कि हमारे गवर्नर श्याम सुन्दर मंत्री मंत्री मिलने जुलने और सम्पर्क बनाने के शौक़ीन है एवं निभाने का भी जुनून है। अध्यक्ष हेमा डालिया ने बताया कि हमारे क्लब की स्थापना 1961 में हुई थी अभी हमारे क्लब के 115 सदस्य है और हमारे क्लब को 3 बार प्रान्त के नेतृत्व करने का अवसर मिला है।

# कलेक्टर ने ख़ामोर में विभिन्न विकास कार्यों का लिया जायज़ा

### नियमित कार्मिको के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिये निर्देश



जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** कलक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को ख़ामोर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, मरीजों को मिल रहे इलाज के बारे में जानकारी ली तथा चिकित्साधिकारी को मौसमी बीमारियों के लिए व्यवस्थाओं को और अधिक मुस्तैद रखने के लिए कहा। कलेक्टर शेखावत ने अस्पताल में कार्मिको की उपस्थिति पंजिका की जाँच की तथा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनियमित रूप से बग़ैर सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कार्मिको के प्रति नाराज़गी जताते हुए सीएमएचओ को ग़ैरज़िम्मेदार कार्मिको के ख़िलाफ़ कार्यवाही करते हुए उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विदित है की इस स्वास्थ्य केंद्र पर पूर्व में भी कार्मिकों के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने की शिकायत मिलती आ रही थी।ज़िला कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा अस्पताल में दिए जा रहे उपचार संबंधी फीडबैक लिया।

### खामोर में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

कलक्टर शेखावत ने ख़ामोर मे मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों से भी प्रतिदिन के टास्क, कार्य का समय तथा औसत मजदूरी एवं गत पखवाड़ों के भुगतान प्राप्ति के बारे मे जानकारी प्राप्त की तथा कार्यस्थल पर छाया, पानी, एवं प्राथमिक उपचार की दवाओं के किट की उपलब्धता जांची। विद्युत आपूर्ति एवं जलापूर्ति के बारे में भी जानकारी ली।

# चीता लैंडस्केप पर राजस्थान-मध्यप्रदेश की संयुक्त बैठक में एमओयू और कार्ययोजना पर बनी सहमति

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** मुख्यमंत्री राजस्थान द्वारा चीता लैंडस्केप के संबंध में की गई बजट घोषणा के तहत राजस्थान और मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन्यजीव प्रतिपालकों की संयुक्त अध्यक्षता में अंतरराज्यीय कमेटी की पहली बैठक रणथंभौर में आयोजित की गई। बैठक में चीता परियोजना को गति देने और दोनों राज्यों के समन्वय से इसे प्रभावी ढंग से लागू करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक शुभरंजन सैन, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) कृष्णामूर्ति, कुनो नेशनल पार्क के क्षेत्र निदेशक उत्तम कुमार शर्मा, और राजस्थान के प्रधान मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक पवन कुमार उपाध्याय, रणथंभौर टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक अनूप के.आर. समेत 12 उप वन संरक्षकों ने भाग लिया। इसके अलावा नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के अभिषेक कुमार और भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में चीतों को वाइल्ड में छोड़ने के लिए "एरिया ऑफ कंफ्लिक्ट" और "एरिया ऑफ कंसर्न" की पहचान पर चर्चा की गई। दोनों राज्यों ने प्रबंधन के लिए विस्तृत रोडमैप और एमओयू पर सहमति व्यक्त की। भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी स्टडी जल्द पूरी करने और चीतों की फ्री रेंज मूवमेंट के लिए SOP तैयार करने का निर्णय लिया गया। राजस्थान के वन मंडल स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने, जिला प्रशासन के साथ बैठकें आयोजित करने, और वेटेरनरी डॉक्टरों और वन स्टाफ को कुनो नेशनल पार्क में प्रशिक्षित करने पर सहमति बनी। इस बैठक के निश्कर्ष से चीता परियोजना को एक नई दिशा मिलेगी, जिससे दोनों राज्यों के समन्वित प्रयासों से चीतों के संरक्षण और प्रबंधन को मजबूती मिलेगी।



# भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर भाजपा पार्षदों ने किया बोर्ड मीटिंग में हंगामा

जयपुर टाइम्स

**चौमूँ(निसं.)।** नगरपरिषद चौमूँ की साधारण सभा की बैठक में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पार्षदों ने भारी हंगामा किया। जैसे ही मीटिंग शुरू हुई भाजपा पार्षदों ने पूर्व में किए गए विकास कार्यों में जैसे सड़क ,नाली ,तिरंगा लाइट , स्ट्रीट लाइट लाइट सहित अन्य कार्यों में किए गए भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ सभापति से जवाब माँगा। इससे पहले भी भाजपा पार्षदों ने स्वायत शासन विभाग में शिकायत की थी जिस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने तत्कालीन अधिशासी अधिकारी,सहायक अभियन्ता व कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया था, इसी तरह पूर्व में सड़कों की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायतें हुई थी इसके बावजूद नगर परिषद में ख़राब गुणवत्ता की सड़कें बनायी जा रही है वह राजकीय कोष का दुरुपयोग किया जा रहा है भाजपा पार्षद गजेंद्र यादव ने बताया कि सभापति द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के संबंध में जब चौमूँ विधायिका शिखा बराला से सवाल किया कि आपकी सहमति से सभापति भ्रष्टाचार कर रहे हैं क्या? अगर नहीं, तो आप द्वारा शिकायतों के आधार पर इसमें नकेल क्यों नहीं कसी गई है! चौमूँ में इस समय सांसद,विधायक व सभापति सहित नगरपरिषद में कांग्रेस का बोर्ड है। आपको इस संबंध में जानता को जवाब देना चाहिए लेकिन सभागार में विधायक शिखा बराला की चुप्पी भी आशंका पैदा करती है।

**कार्यालय नगर परिषद्, सरदारशहर (जिला चुरू)**
Ph. 01564-220681, 220030 Email: eonpsdr@gmail.com

क्रमांक :– न.प.स. / 2024–25 / 2520–21 दिनांक :– 22.11.2024

**निविदा सूचना सं. 19 वर्ष 2024–25**


राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगर परिषद् सरदारशहर द्वारा 1 कार्य के लिए निविदा सूचना संख्या 19 वर्ष 2024–25 आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है। विस्तृत विवरण वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपालिका सरदारशहर के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

| S.No. | निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा सूचना सं. 19 वर्ष 2024–25 | DLB2425A4081 | DLB2425WSOB12413 DLB2425WSOB12414 |

राज.संवाद / सी / 24 / 8457 आयुक्त

# लालाराम बैरवा होंगे मुख्य अतिथि एवं सांसद दामोदर अग्रवाल होंगे खास मेहमान





### देश के प्रतिष्ठित कविगण भाग लेंगे मण्डेला स्मृति कवि सम्मेलन में

जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** साहित्यिक संस्था साहित्य सृजन कला संगम के तत्वावधान में 30 नवम्बर 2024, शनिवार को श्रीराम टाकीज के हॉल में आमंत्रित श्रोताओं के बीच रात्रि 7.30 बजे से आयोजित 27वें लोक कवि मोहन मण्डेला स्मृति अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में शाहपुरा बनेड़ा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक लालाराम बैरवा मुख्य अतिथि होंगे। खास मेहमान भीलवाड़ा जिले के सांसद दामोदर प्रसाद अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति रघुनंदन स्वर्णकार करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र सिंह शेखावत जिला कलेक्टर, सुनील पूनिया अतिरिक्त जिला कलेक्टर, राजेश आर्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनिल चौधरी-जनरल सेक्रेटरी वॉलीबॉल फैडरेशन आफ इण्डिया, रामकिशोर- आयुक्त नगर परिषद् शाहपुरा होंगे। संस्था सचिव एवं आयोजन के सूत्रधार अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉ. कैलाश मण्डेला ने जानकारी दी है कि इस वर्ष का प्रतिष्ठित लोककवि मोहन मण्डेला स्मृति सम्मान-2024 बारां के राजस्थानी भाषा के ख्याति प्राप्त कवि एवं गीतकार बाबू बंजारा को दिया जाएगा। कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त कवियों में रमेश शर्मा- चित्तौड़गढ (अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीतकार) राव अजातशत्रु-उदयपुर (अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि एवं मंच संचालक) पं सुनिल व्यास- मुम्बई(हास्य व्यंग्य के अंतरराष्ट्रीय लाफ्टर फेम कवि) लोकेश महाकाली- नाथद्वारा (हास्य एवं श्रृंगार के विलक्षण कवि) सपना सोनी- दौसा (श्रृंगार रस की मधुर कवयित्रि) सम्पत कबीर-राजनगर (बेहतरीन युवा शायर) दिनेश 'बंटी'- शाहपुरा (राजस्थानी हास्य कवि) एवं अन्य कविगण भाग लेंगे। इस बार कवि सम्मेलन त्रिमूर्ति के पास श्री राम टाकीज के हाल में शाम 7.30 बजे से होगा। स्थान सीमित होने से संस्था अध्यक्ष जयदेव जोशी ने सभी रुचिशील श्रोताओं से सही समय पर पहुंच कर स्थान ग्रहण करने की अपील की है जिससे कार्यक्रम का पूरा आनंद लिया जा सके। कार्यक्रम में प्रवेश फ्री पास से होगा इसके लिए आमंत्रित श्रोताओं को सूचित किया गया है। सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष होने वाले इस ख्याति प्राप्त कवि सम्मेलन में जिले एवं जिले से बाहर से भी अनेक श्रोतागण भाग लेते हैं।

# शिव शक्ति चण्डी महायज्ञ की महापुर्ण आहुति

**चोमू (निसं.)।** रिसाणी मां भगवती मंगल पावन धाम पर महाराज गजानंद देवीउपासक के सानिध्य में चल रहा शिव शक्ति चण्डी महायज्ञ की महापुर्ण आहुति वैदिक मंत्रों से किई गई इस अवसर पर भणडारे का आयोजन व भगवती जागरण किया गया बाद मे महाराज गजानंद ने अपने प्रवचनों में कहा कि धर्म की रक्षा आप करो धर्म आपकी रक्षा करेगा इस आयोजन में कहीं गणमान्य लोगों ने भाग लिया पुर्व विधायक रामलाल शर्मा कालुराम जाट तेजा जीअध्यक्ष चौमू गिरिराज शर्मा राजेश चोपडा गुजजारी गंगवाल हनुमान शर्मा भैरु जाट आदी लोग उपस्थित थे

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**

क्रमांक-न.पा.फु/2023-24 / 2092 दिनांक- 28/11/24

**आपत्ति सूचना**

नगर पालिका फुलेरा मे निम्नलिखित आवेदको ने 90 के पट्टा चाहने बाबत पत्रावली दर्ज कराई गई है जिसके अनुसार विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री टीकम चन्द पंवार पुत्र श्री देववक्स पंवार | दुकान सं. 09 वृन्दावन वाटिका, सांभर रोड फुलेरा | 22.22 | 90-क |
| 2 | श्री टीकम चन्द पंवार पुत्र श्री देववक्स पंवार | दुकान सं. 10 वृन्दावन वाटिका, सांभर रोड फुलेरा | 22.22 | 90-क |

किसी भी व्यक्ति को निम्नाकिंत ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आ पत्ति मान्य नही होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका गण्डल, फुलेरा

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT JEELO**
**P.S. PATAN (NEEM KA THANA)**

S. No. 376 DATE : 26-10-2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 26-11-2024, 09:30 AM to 02-12-2024, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS 5.00 Lac

UBN No. PKP2425WSOB00227-228

Sarpanch
GP JEELO

VDO
GP JEELO

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
30 नवम्बर, 2024

## नगर की समस्याओं को लेकर सीकर सांसद को दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** वरिष्ठ पार्षद व पूर्व विप्र कल्याण बोर्ड सदस्य पवन बुटोलिया के नेतृत्व में शहर के मौजीज लोगों की ओर से स्थानीय महावीर जांगिड़ भवन में सीकर सांसद कामरेड अमरा राम को नगर की समस्याओ के संबंध में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में लक्ष्मणगढ़ रेलवे प्लेटफॉर्म को उंचा उठाने, ओवर ब्रिज बनवाने, प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन के लक्ष्मणगढ़ में ठहराव करवाने व रशीदपुरा टोल प्लाजा पर लक्ष्मणगढ़ शहर की गाडियो को टोल फ्री करवाने जो कि नियमानुसार 20 किलोमीटर तक टोलमुक्त होना चाहिए सहित अन्य मांगे की गई ज्ञापन देने वाले में प्रमोद डिडवानिया, सुर्य प्रकाश महर्षि, बिष्णु कांत पंडित, रमाकांत पुजारी, संतोष सैन, संजय डिडवानिया, इसाककाजी सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

## मृत्यु शाश्वत सत्य है, स्वीकार करें- रीटा चौधरी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** गांव ढ़ाका का बास में विगत दिवस शिक्षा विद्द मामराज ढ़ाका की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता मण्डावा विधायक व प्रदेश कांग्रेस महासचिव रीटा चौधरी ने कहा कि मृत्यु शाश्वत सत्य है, ईश्वर के बनाए प्रत्येक जीव को इस अटल सत्य से गुजरना है। उन्होंने कहा कि मृत्यु में सिर्फ शरीर का नाश होता है, आत्मा अजर-अमर रहती है। श्रद्धांजलि सभा में वाहिदपुरा सरपंच प्रतिनिधि एसपी दूलड़ पूर्व सरपंच जीवणराम खीचड़, डॉ संदीप पचार पूर्व पीएमओ , डॉ नयन झाझडिया, मंडावा सरपंच, पूर्व सरपंच जीवण खां, डॉ ललित, गिरधारी लाल रणवा, पूर्व सरपंच सज्जन सिंह पुनिया, महमुद देवड़ा, मधुसुधन खेमानी, मदन ढाका, भोजासर के महावीर मील, भाजपा सीकर जिला प्रभारी दिनेश धाबाई, रोलसाहबसर सरपंच मोहम्मद अली, महमूद देवड़ा फतेहपुर, विजय ऐचरा कुलोद श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## 345 को मिला रोजगार, 103 आशार्थी स्वरोजगार के लिए चयनित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के तहत बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनूं में शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में कुल 15 प्रमुख निजी संस्थानों ने भाग लिया, जिनमें केटीए पावर कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम, आई.सी.आई.सी.आई. प्रोडेन्सियल बीमा निगम, मारूति सुजुकी, अमस स्किल वेंचर्स, एम एस स्काई फैब्रिककेशन, युनाइटेड इंडिया बीमा, आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान, पिरामल फाउंडेशन, ग्रुप 4 सिक्योरिटी आदि शामिल रहे। इन संस्थानों ने बेरोजगार आशार्थियों को रोजगार, प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए। रोजगार मेले में कुल 1450 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 600 आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इनमें से 345 को रोजगार के अवसर मिले, 152 को प्रशिक्षण दिया जाएगा, और 103 आशार्थियों को स्वरोजगार के लिए चयनित किया गया। रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानन्द यादव ने इस अवसर पर बेरोजगारों को विभिन्न कंपनियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और मुख्यमंत्री युवा संबल योजना (बेरोजगारी भत्ता योजना) के बारे में भी बताया। इसके साथ ही बेरोजगारों को करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। मंच संचालन और शिविर की व्यवस्थाओं का संचालन रोजगार कार्यालय के कर्मचारियों हरफूल, विकास कुमार, विकास सैनी और विक्रम सिंह ने किया।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक - 3205-3218 दिनांक- 29/11/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 19/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http:// www.pwd. rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. - PWD2425A3055

| S.No. | UBN NO |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB11212 |
| 2 | PWD2425WSOB11214 |
| 3 | PWD2425WSOB11213 |

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

# कृत्रिम नहर के माध्यम से नए जल मार्ग का निर्माण कर बाखासर में पोर्ट विकसित हो- सांसद बेनीवाल

### सांसद बेनीवाल ने इकॉनॉमिक कॉरीडोर से बाखासर में सूखा बंदरगाह बनाने की मांग उठाई।

### सांसद बेनीवाल की मांग पर बाखासर पोर्ट निर्माण की जगी उम्मीद



जयपुर टाइम्स

**रावतसर(निसं.)** । शुक्रवार को सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल के बाड़मेर जिले के बाखासर में एक कृत्रिम नहर का निर्माण कर राजस्थान में विकास का नया आयाम स्थापित करने के लिए यथाशीघ्र पोर्ट विकसित करने के लिए योजना बनाए जाने की मांग पर सूचीबद्ध तारांकित सवाल के जवाब में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने जवाब में बताया कि राजस्थान सरकार ने बाड़मेर जिले के बाखासर के पास पतन के विकास पर पूर्व व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने राष्ट्रीय जलमार्ग 48 (जोजरी-लूणी नदियों और कच्छ का रण) की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की है जो 01 अक्टूबर 2024 को पत्तनों, जलमार्गों एवं तटों के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केन्द्र (एनटीसीपीडब्ल्यूसी) आईआईटी मद्रास को जलमार्ग का गणितीय मॉडलिंग तैयार करने का कार्य सौंपा है। जिसमें पतन के विकास के लिए आगे की कार्रवाई गणितीय मॉडलिंग के आधार पर कारवाई की जाएगी। बेनीवाल ने बताया कि कृत्रिम नहर के माध्यम से नए जल मार्ग का निर्माण कर बाखासर में पोर्ट विकसित हो जिससे राजस्थान में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे, केन्द्र सरकार इस सूखा बंदरगाह की बजट में घोषणा करे ओर जहां उत्तर भारत के पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर में रिफाइनरी, तेल, गैस, सोलर हब के साथग्रेनाइट, बेन्टोनाइट, लाइम, लिग्नाइट जैसे खनिज पदार्थो के अथाह भण्डार से आर्थिक राजधानी है वहीं जीरा, ईसबगोल, ग्वार, बाजरा, खजूर, अनार के साथ ही कपड़ा उद्योग, हस्तशिल्प सहित कई बहुमूल्य चीजें उपलब्ध हैं जो निर्यात भी हो रही है और जिससे राजस्थान आयात-निर्यात के हिसाब से उत्तर भारत का प्रमुख व्यापारिक केंद्र बन सकेगा। जो खर्चीले और महंगे आयात-निर्यात के विकल्प के तौर पर यह बहुत बड़ा कदम होगा राजस्थान के लिए इकोनोमिक कॉरिडोर होगा, जहां स्थानीय लोगों को रोजगार, व्यावसायिक, औद्योगिक के तौर पर फायदेमंद साबित होगा और मूलभूत सुविधाओं का भी विस्तार हो सकेगा। बाड़मेर जिले के बाखासर से कच्छ के रण तक वाटर-वे की पहल में गुजरात से राजस्थान तक वाटर-वे 490 किलोमीटर वाटर-वे में वैसल्स के जरिए राजस्थान से मुंद्रा पोर्ट को जोड़ते हुए संयुक्त अरब अमीरात के बंदरगाह से इजरायल तक माल जाने पोर्ट से लालसागर का विकल्प भी हैं, मुंद्रा, अरबी देशों व इजराइल के लिए सुगम समुद्री मार्ग है, जो आयात और निर्यात का नया द्वार होगा जहां ढाई मिलियन टन तक एक्सपोर्ट भी हो सकेगा। इस लंबी मांग के चलते पिछले महीनों केन्द्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार ने राजस्थान रिवर बेसिन एंड वाटर रिसोर्सेज प्लानिंग ने एक कमेटी गठित की थी जिसमें जल संसाधन विभाग पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, रेलवे, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, पर्यटन विभाग शामिल किए गए है। यह कमेटी कच्छ के रण से बाखासर, बाड़मेर तक वाटर-वे की संभावना पर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार के मिनिस्ट्री आफ पोटर्स शिपिंग एंड वाटर-वे ने कमेठी गठन के निर्देश दिए थे, जिस कमेटी ने इस योजना का सर्वेक्षण कर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केन्द्र (एनटीसीपीडब्ल्यूसी) आईआईटी मद्रास को जलमार्ग का गणितीय मॉडलिंग तैयार करने का कार्य सौंपा है। 24 साल पहले बाड़मेर के बाखासर से गुजरात के मुंद्रा तक 150 किमी कृत्रिम नहर बनाने की योजना बनी, यहां सूखा बंदरगाह विकसित कर समुद्र से आयात का नया बंदरगाह कच्छ के रण को जोड़ते हुए बनाने की सोच थी। लेकिन यह योजना अभी तक आगे नहीं बढ़ सकी।

## ओवरलोडिंग ट्रकों के कारण छापर रेलवे स्टेशन पर आम रास्ता बाधित

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ताल छापर रेलवे स्टेशन स्थित अंडर ब्रिज से होकर गाँवों में जाने वाला रास्ता ओवरलोडिंग ट्रकों के कारण आए दिन बाधित रहता है। सुरेंद्र मेहरड़ा ने बताया कि रेलवे स्टेशन स्थित अंडर ब्रिज से जाने वाला रास्ता गांवों के लिए लाइफ लाइन हैं। लेकिन ओवरलोडिंग ट्रकों की वजह से यह रास्ता आए दिन बाधित रहता है। युवा नेता कन्हैया लाल पूनिया ने बताया कि ओवरलोडिंग ट्रको की शिकायत को लेकर जल्द एक प्रतिनिधिमंडल उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मिलकर समस्या का समाधान करने की मांग करेगा। पूर्व वार्ड पंच झमकू देवी ने बताया कि ओवरलोडिंग ट्रक के कारण रास्ता बाधित होने की वजह से हम सभी श्रद्धालुओं को भैरूंजी मंदिर जाने के लिए कच्चे रास्ता से होकर जाना पड़ा। छोटूराम मेघवाल ने बताया कि ओवरलोडिंग ट्रंक चालक छोटी गाड़ी व स्कूल बसों को साइड तक नहीं देते हैं। ओवरलोडिंग ट्रक सड़क से नीचे नही उतारने कारण स्कूल बस के साथ दुर्घटना होने सम्भावना बनी रहती हैं। सागर कांटीवाल ने बताया कि ओवरलोडिंग ट्रक चालकों को स्थानीय राजनीतिक संरक्षण है, जिसके कारण आए दिन बेखौफ लापरवाह ट्रक चालकों की हठधर्मिता के कारण लोगों को दिक्कत होती है। दूसरी ओर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि टोल बचाने के चक्कर में ओवर लोड वाहन छोटे रास्तों को कई बार प्राथमिकता देते हैं, जिसके कारण उनमें जो बजरी आदि होती है, वो सड़क पर बिखर जाती है और छोटे वाहनों के लिए दिक्कत पैदा हो जाती है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चौधरी कानाराम चंदेलिया स्मृति खेल सप्ताह आगाज में पांचवें दिन विभिन्न प्रकार की दौड़ व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिताओं में सबसे पहले 100 मीटर दौड़ में पूजा सिंवर व सतीश पूनिया, 200 मीटर दौड़ में पूजा सिंवर व मनसाराम देहडू, 400मीटर रिले दौड़ में लक्ष्मी बाई चैलेंजर्स के छात्र मोहम्मद अवेश, मनसाराम, राजा, सोहेल खान व विवेकानंद ब्रिलिएंटस की छात्राएं पूजा सिंवर, मनीषा, पूजा डूडी और कुमकुम राठौड़ ने जीत दर्ज की। इसी क्रम में आगे हुई रस्सी कूद प्रतियोगिता में 1 मिनट में क्रमशः 130, 148 कूद करते हुए सुप्रिया दहिया व विवेकानन्द बंशीवाल प्रथम रहे। शुक्रवार को आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम कलाम फाइटर्स विजेता रही, शिक्षा का व्यापारीकरण विकसित भारत की यात्रा में एक अवरोध.. विषय पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में शानदार वक्तव्य कौशल दिखाते हुए आजाद अवेंजर्स की छात्रा सिमरन खान और रिद्धिका जांगिड रही अव्वल वाद - विवाद प्रतियोगिता की अध्यक्षता समाजसेवी सिराज खां ने की। संस्था के निदेशक पूसाराम चंदेलिया ने बताया कि इस वर्ष नर्सेज दिवस पर दी गई थीम -नर्सेज हमारा भविष्य..के अनुसार इन भावी नर्सेज को हर दृष्टिकोण से परिपक्व होना जरूरी है। इस अवसर अनेक शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ(निसं.)।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड रतनगढ़ के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की ओर से शुक्रवार को सुजानगढ़ कस्बे में दीपावली के दिन अल्प संख्यक समुदाय के समाज कंटकों की ओर से दुकानदार से की गई मारपीट के विरोध में अपराधियों को गिरफ्तार करने, अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से एस. सी., एस. टी. के एक व्यक्ति की ओर से झूठा मुकदमा दर्ज करवाकर दबाव बनाने के विरोध में निष्पक्ष व ईमानदार जांच अधिकारी लगवाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि दीपावली की शाम सुजानगढ़ कस्बे में तिरुपति बालाजी मंदिर के सामने स्थित एक दुकान के दुकानदार अशोक कुमार ढाका दकी ओर से अल्प संख्यक समुदाय की एक महिला की ओर से सामान न खरीदकर केवल भाव ताव पूछते रहने के कारण व्यस्तता के चलते और कहीं से सामान ले लेने की बात कही गई, जिससे महिला क्रुद्ध होकर अपने मौहल्ले से चालीस पचास अन्य लोगों को बुलाकर ले आई और दुकान में घुसकर दुकानदार और उनकी पंद्रह वर्षीय पुत्री से बदसलूकी और धक्का मुक्की की। दुकानदार के पुलिस थाने में जाने पर पहले तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने पर मना कर दिया लेकिन बाद में रिपोर्ट दर्ज कर लेने के बावजूद आज तक अपराधियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बजाय जब बार बार दुकानदार ने पुलिस को कार्यवाही करने का आग्रह किया तो विरोधी पक्ष ने एक एस. सी. के व्यक्ति से दुकानदार पर ही एस. सी. एस. टी. का झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया गया ताकि उसकी ओर से किए मुकदमे को दबाया जा सके। विश्व हिन्दू परिषद की ओर से ज्ञापन में वर्तमान जांच अधिकारी पुलिस उप अधीक्षक दरजाराम के स्थान पर अन्य अधिकारी को जांच सौंपने की मांग की है ताकि पूरे मामले की एक पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी से जांच की जा सके। ज्ञापन देते समय विश्व हिन्दू परिषद रतनगढ़ के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महर्षि, उपाध्यक्ष जगदेव प्रसाद, हरिराम कड़ेल, मंत्री ओम मनोहर स्वामी, रामदेव, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, महेन्द्र गार्ड, पवन कुमार, रोहिताश सिंह, सतीश कुमार मारू, प्रवीण, आशाराम , जितेन्द्र, जिला मंत्री अरविन्द आदि उपस्थित रहे।

## भामाशाह के सहयोग से दिव्यांग बालकों को बांटे स्वेटर

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ(निसं.)।** दिव्यांग बालकों की अंतरजिला एक्सपोज़र विजिट कार्यक्रम के तहत श्री गंगानगर से पधारे 100 के लगभग दिव्यांग बालकों को भामाशाह हनीफ नसवाण परिवार की ओर से नेचर पार्क में रखे गए स्वेटर वितरण कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि यह सरकार का एक शानदार नवाचार है जिसके तहत यह भ्रमण राज्य भर में दिव्यांग बालकों को करवाया जाता है। इस कार्यक्रम से न केवल दिव्यांग बालकों की जानकारी में वृद्धि होगी बल्कि सामाजिक रूप से पुनर्वास में भी मदद मिलेगी।उन्होंने बताया कि दिव्यांग बालकों में भगवान का निवास होता है। इनकी सेवा भगवान की सेवा होता है। उन्होंने भामाशाह परिवार को पुनीत कार्य के धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम में पधारे सभी बालक- अभिभावकों को अपनी ओर से मिठाई वितरित कर मुह मिठ्ठा करवाया। विधायक हरलाल सारण ने देवेंद्र झाझड़िया का उदाहरण देते हुए बताया कि दिव्यांग व्यक्ति को समुचित मौका मिले तो वे देश दुनिया में अपना नाम कमा सकते है। विधायक ने सभी बालकों के भोजन की व्यवस्था करवाई। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़ ने विस्तार से दिव्यांग बालकों से सम्बंधित योजना के बारे में बताया और श्रीगंगानगर से पधारे ग्रुप का स्वागत किया। विजिट प्रभारी भूपेंद्र स्वामी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह विजिट उनके लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेगी। इसका कार्यक्रम में दिव्यांग बालकों का मनोबल बढ़ाने के लिए विशेष रूप से पराक्रम राठौड़, बसन्त, इलियास खान, अब्बास खान, सलीम खान, महेंद्र पारख, शांतिलाल पारख व पवन गुर्जर उपस्थित रहे। विशेष शिक्षक देवेंद्र कुमार, राकेश सुथार व विक्रांत अरोड़ा ने कार्यक्रम आयोजन में विशेष योगदान दिया। दिव्यांग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान ने दिव्यांग बालकों को पढ़ लिखकर कामयाब होने के लिए प्रेरित किया।

## नदी के पुल पर झूली राजस्थान रोडवेज की बस, यात्रियों की सांसें अटकीं

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं डिपो की राजस्थान रोडवेज बस शुक्रवार सुबह 10 बजे बेकाबू हो गई। बस का अगला हिस्सा नदी की पुलिया पर झूल गया। बस झुंझुनूं से दिल्ली जा रही थी। हादसा झुंझुनूं के बगड़ थाना इलाके के खुड़ाना गांव के पास काटली नदी पर बने पुल पर हुआ। बस में 40 यात्री सवार थे। बस के ड्राइवर आशीष ने बताया कि पुल पर चढ़ते ही बच्चों से भरा ऑटो सामने आ गया। उसे बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। बस में महिला कंडक्टर विनोद कृष्णिया ने यात्रियों को संभाला। पुल के किनारे पर बने डिवाइडर में बस का निचला हिस्सा फंसने से यह रुक गई और खाई में नहीं गिरी। बगड़ थाना इंचार्ज हेमराज मीणा ने बताया कि थाने में फोन से हादसे की सूचना मिली। बताया कि नदी एरिया में रोडवेज बस हादसे का शिकार हो गई है। जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे तो सभी सकुशल निकले। पुलिया पर बस फंसने से राहगीरों की भीड़ लग गई थी। दोनों तरफ जाम लग गया था। लोगों को मौके से हटाकर क्रेन से बस को निकाला। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पुल पर यात्री और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। एक घंटे तक रोड जाम रहा। ट्रैफिक इंचार्ज धन बहादुर सिंह ने बताया कि बस का झुंझुनूं डिपो से दिल्ली रवाना होने का समय सुबह 8.20 का है। शुक्रवार को यह सुबह 9 बजे डिपो से रवाना हुई। पुलिया पर सामने स्कूल के बच्चों से भरा ऑटो आने के कारण बस बेकाबू होकर पहले पेड़ से टकराई फिर पुल पर लटक गई। किसी यात्री को चोट नहीं आई है। बस का नुकसान हुआ है। झुंझुनूं रोडवेज डिपो के चीफ गणेश शर्मा के अनुसार हादसे के 2 मिनट बाद ही रोडवेज प्रशासन को मौके पर भेजा और हादसे की जानकारी ली। साथ ही सभी सवारियों को उनके स्थान पर पहुंचने के लिए रोडवेज की दूसरी बस को रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार रोडवेज बस अगर 2 फीट और आगे बढ़ जाती तो 10 फीट गहरी खाई में जाकर गिरती। जैसे ही हादसा हुआ यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ड्राइवर-कंडक्टर ने यात्रियों को शांत कराया और भागदौड़ न करने की चेतावनी दी। बस का गेट हवा में था, ऐसे में एक-एक यात्री को बस से सावधानी से बाहर निकाला गया। आपाधापी में कुछ यात्री खिड़कियों से सड़क पर कूद गए।

5 साल तक के बच्चों के लिए स्वास्थ्य विभाग की पहल

## झुंझुनूं में निमोनिया से बचाने के लिए सांस अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं में 5 साल तक के बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को सांस अभियान शुरू किया गया। अभियान की थीम 'निमोनिया नहीं तो बचपन सही' रखी गई है। यह अभियान 28 फरवरी 2025 तक चलेगा। राजकीय बीडीके अस्पताल से अभियान की शुरुआत करने के बाद कार्यवाहक सीएमएचओ डॉ भंवर लाल सर्वा ने बताया कि सांस अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों की निमोनिया के लिए स्क्रीनिंग, चिकित्सा अधिकारियों व नर्सिंग अधिकारियों को निमोनिया स्किल लैब प्रशिक्षण, चिकित्सा संस्थानों पर प्रचार सामग्री प्रदर्शन, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, निमोनिया के लक्षणों की पहचान व प्रबंधन के लिए आमुखीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के मुख्य घटक पीपीटी यानी प्रिवेंट, प्रोटेक्ट व ट्रीट रणनीति को अपनाते हुए पेंटावेलेंट व पीसीवी वैक्सीन के तीनों डोज लगाना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पतालों में निमोनिया से ग्रसित बच्चों के लिए बेड रिजर्व रखे जा रहे हैं। निमोनिया व गंभीर निमोनिया का प्रोटोकॉल अनुरूप उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। बीडीके अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि समुदाय स्तर पर आशाओं की ओर से नियमित भ्रमण कर बच्चों में निमोनिया के लक्षणों, खांसी, बलगम, तेज सांस, पसलियां चलना व सांस लेने में परेशानी होना आदि लक्षणों के आधार पर पहचान की जाती हैं। निमोनिया नियंत्रण में हमारे जिले की रेटिंग बहुत बेहतर है, साथ ही निमोनिया से निपटने के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
30 नवम्बर, 2024


## 'जल ही जीवन है' पर बच्चों को किया जागरूक

**सरदारशहर(निसं.)।** । राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के चतुर्थ चरण के तहत सामुदायिक जागरूकता व जनसहभागिता यूनिट सरदारशहर की ओर से आमजन में जन चेतना के माध्यम से परियोजना संदेश देने के लिए सहायक सामुदायिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने राजकीय फातिमा खोखर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया की जल का कितना महत्त्व है रोजाना की दिनचर्या के लिए जल के बिना जीवन की कल्पना करना कितना मुश्किल है। जीवन के सभी कार्य का निष्पादन के लिए जल की कितनी आवश्यकता होती है। ऐसे प्रश्नों के उत्तर कार्यक्रम के अंदर दिए ताकि बच्चे जल का महत्त्व समझे अपने घर जाकर पानी बचाने के लिए घर पर सभी सदस्यों व आसपास के लोगों को जागरूक कर सकें।

## पशुगणना शुरू, नोडल अधिकारी चिरानिया ने किया निरीक्षण

**चूरू(निसं.)।** । जिले में 21वीं पशुगणना 2024 शुरू कर दी गई है। ऑनलाईन पशुगणना का निरीक्षण शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट नोडल अधिकारी डॉ. निरंजन चिरानिया ने ग्राम सातड़ा में किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. चिरानिया ने प्रगणक नरेन्द्र पोटलिया की ओर से किए गए गणना कार्य में जांचे गए पशुओं की ऑनलाईन एन्ट्री का सॉफ्टवेयर से मौके पर भौतिक सत्यापन किया तथा प्रत्येक एन्ट्री की ऑनलाईन जांच की। इस अवसर पर पर्यवेक्षक डॉ. नीतू ढाका, पशुधन सहायक संदीप कुमार, पशुधन सहायक रिंकी, प्रगणक नरेन्द्र पोटलिया मौजूद रहे। संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि चूरू जिले में 21वीं पशुगणना 2024 का कार्य शुरू कर दिया गया है व प्रगणकों की ओर से किए गए कार्यों की जांच व ऑनलाईन एन्ट्री का भौतिक सत्यापन किया गया है। भविष्य में भी पर्यवेक्षण व नियमित रूप से निरीक्षण व पशुपालक के घर पर जाकर निरीक्षण व भौतिक सत्यापन का कार्य किया जाएगा। यह गणना नस्ल के आधार पर सम्पादित की जाएगी, जिसमें प्रगणक व पर्यवेक्षक को मानदेय भी दिया जाएगा।

# उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर की न्याय की मांग

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** । शहर के विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एसडीएम दिव्या चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारी वर्ग व आमजन को राहत प्रदान करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में बताया कि 31 अक्टूबर दीपावली के दिन शाम 5 बजे अशोक ढाका पुत्र मुरलीधर ढाका निवासी सुजानगढ़ की तिरुपति बालाजी मंदिर के सामने दुकान पर एक मुस्लिम महिला ग्राहक आई और काफी देर तक समान देखती रही, वह मोल भाव करती रही। जिससे उसकी नियत पर शंका हुई तो दुकानदार ने त्योहारों का हवाला देकर कहा कि बहन आपको सामान नहीं खरीदना है तो आप चले जाओ, मुझे अन्य ग्राहकों को सामान देना है। ऐसा कहने पर उसने फोन



करके 40 से 50 लोगों को बुला लिया। जिन्होंने दुकान में घुसकर मारपीट की व दुकानदार की 15 वर्षीय पुत्री के साथ बदसलूकी व धक्का मुक्की की। वही सूचना के बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। आज तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया। जबकि 15 वर्षीय सानिया ने न्यायालय में अपने 164 सीआरपी के बयानों में अपराध में लिप्त 12 व्यक्तियों के नाम का उल्लेख किया है जो कि सभी आदतन अपराधी है, उन पर मुकदमे ही चल रहे हैं। दो नवंबर को स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक दरजाराम मेघवाल के दुष्प्रेरण से एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति से अशोक ढाका के विरुद्ध अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम के अंतर्गत एक झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जबकि अशोक ढाका दुकानदार उक्त व्यक्ति को जानता भी नहीं कि उक्त व्यक्ति अनुसूचित जनजाति का है अथवा अन्य किसी जाति का है। इस प्रकरण की जांच पुलिस उप अधीक्षक दरजाराम सुजानगढ़ कर रहे हैं जो कि पूर्वाग्रह से ग्रसित है। ऐसी स्थिति में इस प्रकरण में न्याय की उम्मीद बहुत कम लग रही हैं। उपयुक्त प्रकरण का अनुसंधान पुलिस उपाध्यक्ष सुजानगढ़ दरजाराम की अपेक्षा किसी अन्य योग्य, ईमानदार व निष्पक्ष पुलिस अधिकारी से करवाया जाए और अपराध में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार करने वाले में चालान करवाया जाए। जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ज्ञापन देने वालों में शिवदयाल पारीक, रोहिताश, बृजमोहन, संजय कुमार भवानी शंकर शर्मा, मनुज निर्वाण, गिरधारीलाल, राहुल, उमेश कुमार सहित विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संक्षिप्त-समाचार

## नेक कार्य : 185 जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाई रजाईयां




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** द् यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ की ओर से रूपचंद किरण देवी सिंघी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र चंद्रप्रकाश- तारा सिंघी, पौत्र रवि-मनीषा सिंघी के सौजन्य से व समाजसेवी कमला सिंघी तथा क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से तहसील के ग्रामीण व ढाणी क्षेत्रों के जरूरतमन्दों को रजाइयां वितरित की गई। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि सर्दी के मौसम को मध्यनजर रखते हुए ग्राम लोढसर, धां चारणान, भींवसर, पार्वतीसर, भांगीवाद सहित ढाणी क्षेत्रों के 185 जरूरतमंद ग्रामीणों को रजाइयां उपलब्ध करवाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय विद्यालयों में क्लब के पूर्व अध्यक्ष दानमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में शर्मा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। शाला प्रधान सीताराम दाधीच, सुल्तान मीणा, प्रेमचंद जाट माली, सुरेशचन्द्र पूनिया ने आभार व्यक्त करते हुए यंग्स क्लब के सेवा कार्यक्रमों की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में क्लब प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद, शिक्षक रघुनाथ सेवदा, रतनलाल प्रजापत, मनोहर सिंह, पप्पू राम मीणा, श्याम सुंदर शर्मा, शुभकरण प्रजापत, कुरडाराम, मोहनसिंह, शिशुपाल प्रजापत, पालाराम शर्मा, मुरारीलाल, रामस्वरूप, महेंद्र ढाका, लालचंद कालवा आदि का सहयोग रहा।

## लोढ़सर में गोचर भूमि पर खनन पट्टे की निलामी नहीं करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** जिला परिषद सदस्य नौरंग लाल सिलू के नेतृत्व में गांव लोढ़सर के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा से मिला और ज्ञापन सौंपकर गै. मु. गोचर भूमि खसरा नंबर 167 व 310/165 पर खनन पट्टा नीलामी नहीं करने की मांग की। उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते वक्त नौरंग लाल सिलू ने बताया कि गांव लोढ़सर में खनन विभाग की ओर से राजस्व सीमा में गै.मु. गोचर भूमि में खनन पट्टा नीलामी का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जबकि उक्त खसरा नम्बर 167 व 310/165 में पीने के पानी का तालाब बना हुआ है, जो साल भर लोगों के काम आता है। पीने के पानी के तालाब व पायतन व केचमेंट एरिया होने के कारण यह पशुओं के चारागाह के रूप में भी काम आती है और पास में ही गौशाला स्थित है। ज्ञापन पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि ये सरकार के स्तर के काम है, हम लोग आपकी भावनाएं सरकार तक पहुंचा देंगे। लेकिन खनिज के लिए तो गांव के गांव खाली हो जाते हैं, आपको पता है। इसलिए आपकी भावनाएं सरकार तक पहुंचाई जाएगी, बाकी ये काम सरकार के स्तर का है। ज्ञापन सौंपने के दौरान महावीर गोदारा, पंचायत समिति सदस्य हीरालाल, जगदीश, रतनलाल मेघवाल, महावीर स्वामी, माणक प्रजापत, महेश बुरड़क, शंकरलाल आदि मौजूद रहे।

## एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत निर्वाचन अधिकारी मनोनीत

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय अभिभाषक संघ की बैठक अध्यक्ष रामसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 13 दिसंबर को अभिभाषक संघ के चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए एड.बुद्धिप्रकाश प्रजापत को निर्वाचन अधिकारी, एड.मधु चोबदार व एड.किशन शर्मा को सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया। बैठक में एड. कुंभाराम आर्य, बजरंगलाल रूहेला, श्याम नारायण राठी, हरीश पारीक, मो. मौलानी, विनोद सोनी, सुरेश शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक कुमार पारीक, भीमशंकर शर्मा, बनवारीलाल खीचड़, रजनीकांत सोनी, नरेश सोनी, संतोष सोनी, मन्नालाल स्वामी, प्रदीप कठातला सहित अनेक वकील मौजूद रहे।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़।** चूरू बीआरकेजीबी (बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) की ओर से स्थानीय विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपने ज्ञान का परिचय दिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञानप्रकाश सारन ने



बैंक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि यह न केवल छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि उन्हें जीवन के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के लिए तैयार करने का भी अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बैंक के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार प्रकट किया और भविष्य में भी इस प्रकार की सहभागिता की अपेक्षा जताई।

## पुस्तकालय अध्यक्ष आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** । सोती भवन में समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय पुस्तकालय अध्यक्ष आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा व अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक संतोष कुमार महर्षि ने किया। महर्षि ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों को पुस्तकों का अधिकतम आवंटन किया जाए। पुस्तकें बक्सों में बंद नहीं रहे इसका विद्यार्थियों को ज्यादा से लाभ मिलता रहे। समसा के कार्यक्रम अधिकारी व शिविर समन्वयक जितेंद्र कुमार माली ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का



उद्देश्य राजकीय विद्यालयों में स्थित पुस्तकालयों का सुनियोजित व बेहतर संचालन के लिए पुस्तकालय प्रभारी में क्षमता संवर्धन करना है। प्रशिक्षण में बावन संभागी भाग ले रहे हैं। सहायक परियोजना समन्वयक रामनिवास पुनिया ने कहा कि पुस्तकालयों का विद्यार्थी जीवन में अहम स्थान होता है। समाचार पत्र, पत्रिकाओं के नियमित पढ़ने के लिए पुस्तकालय में सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला संदर्भ व्यक्ति दिनेश फगेरिया, देव दास स्वामी एवम धर्मेंद्र सिंह ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रणवीर धीधवाल ने किया।


## मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग, ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** दीपावली के दिन वेंकटेश्वर मंदिर के पास व्यापारी अशोक ढ़ाका के साथ हुई मारपीट के प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया है। विहिप के जिलाध्यक्ष सुभाष पारीक के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपते वक्त पारीक ने बताया कि आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है, इसलिए जिले के बाहर के पुलिस अधिकारी से जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। जल्द गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर राजेश सुंदरिया, अशोक ढ़ाका, भंवरलाल, नरेंद्र भाटी, कालूराम, विमल कुमार जांगिड, केसरदेव आदि लोग मौजूद रहे।

## रैली निकालकर जताया निजीकरण का विरोध




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** विद्युत निगमों के निजीकरण करने का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से गणेश मंदिर से लेकर उपखंड कार्यालय तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया के नेतृत्व में रैली निकालते वक्त लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निजीकरण को रोके जाने की मांग की। इसके बाद उपखंड अधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया गया कि अंधाधुंध निजीकरण होने से आम जनता के साथ लूट होगी, इसलिए इसे रोका जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, साबिर अली चौहान, लियाकत खान, कमल भोजक, किशनलाल छरंग, पूनमचंद मेघवाल, सदीक मणियार, सुरेंद्र, दिनेश कुमार, मनीष नाथ, सांवरमल, राहुल जोशी, मेघराज, अशोक रैगर, गिरधारीलाल, महबूब बडगुजर, मुमताज काजी, लालूराम बिजारणिया, पवन पारीक, सलीम खां सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## 11 दिन से भूख हड़ताल जारी

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(नि.सं.)।** राजस्थान के एकमात्र आवासीय खेल विद्यालय सादुल स्पोर्ट्स स्कूल में व्याप्त दुर्व्यवस्थाओं और अनियमितताओं के खिलाफ क्रीड़ा भारती द्वारा शुरू की गई भूख हड़ताल गुरुवार को ग्यारहवें दिन भी जारी रही। छात्रों और खेल प्रेमियों ने गुरुवार को पैदल रैली निकालकर जिला प्रशासन से स्कूल की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। बढ़ते जनसमर्थन और कानूनी संगठनों के सहयोग से यह आंदोलन अब बीकानेर के बाहर भी चर्चा का विषय बन चुका है।

# मेहनत की कमाई जनहित के कार्यों में लगाना चहेतों को सच्ची श्रद्धांजलि : सोनी

**-सोनी परिवार के सदस्यों ने किए कंबल वितरित**

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** । जिला मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शनिवार को फोटो जर्नलिस्ट राजेंद्र सोनी की धर्मपत्नी रंजना देवी सोनी की स्मृति में उनके पुत्रों की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, प्रो केसी सोनी, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, आचार्य जनार्दन सहित अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीएम अर्पिता सोनी ने कहा कि अपनी मेहनत की कमाई को जनहित के कार्यों में लगाना अपने चहेतों को सच्ची श्रद्धांजलि है। पुण्य के कार्यों से समाज सेवा के साथ अपने सामाजिक व नैतिक दायित्वों के प्रति अपना समुचित निर्वहन है। इससे जनहित व लोक कल्याण की भावना प्रतिदर्श होती है। एएसपी लोकेंद्र दादरवाल ने कहा कि राजेंद्र सोनी पुलिस महकमे से निरंतर संपर्क में है। उनकी भावना के अनुरूप कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन होना समाज के बड़े तबके को प्रेरणा देगा। गत दिनों धर्मस्तूप पुलिस चौकी में भी रंजना देवी सोनी की याद में जल मंदिर का निर्माण करवाना जन सेवा का एक संकल्प दिखाई पड़ता है। लोक कल्याणकारी कार्यों से समाज व क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश का प्रवाह होता है। अपने लोगों की स्मृतियों को सहेजते हुए लोक कल्याण के कार्य करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि का स्वरूप है। इस दौरान आचार्य जनार्दन ने कहा कि प्रेम और आस्था के प्रतिरूप के रूप में अपने खून पसीने की कमाई को लोक कल्याणकारी कार्यों में लगाने से एक सकारात्मक



ऊर्जा मिलती है व समाज में भी एक प्रोत्साहन का संचार होता है। इस दौरान प्रोफेसर केसी सोनी व डीवाईएसपी सुनील झाझडिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। फोटो जर्नलिस्ट राजेन्द्र सोनी, राहुल सोनी, पंकज सोनी, रजत सोनी, विजय प्रकाश सोनी, शैलेंद्र सोनी सहित सोनी परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। सोनी परिवार के सदस्यों व अतिथियों ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। फोटो जर्नलिस्ट राजेन्द्र सोनी ने आभार जताया। इस दौरान पूर्णमल सोनी, ए पी आरो मनीष कुमार, चुन्नीलाल सोनी, हुकमीचंद सोनी, दशरथ सोनी, मेघराज सोनी, नवीन सोनी, कपिल चंदेल, धर्मेंद्र सोनी, तेजपाल, विवेक सोनी, सुमित सोनी आदि उपस्थित रहे। संचालन अख्तर खान ने किया।

## कलेक्टर ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश



**नीमकाथाना(निसं.)।** । जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभाग की मुख्यतः नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, एमजेएसए योजनाओं की बिन्दुवार प्रगति की समीक्षा की गई व अन्य बिन्दु संपर्क पोर्टल, ई-फाईल, व योजनाओं में स्वीकृत कार्यो को समयबद्ध पूर्ण करने व आगामी जीपीडीपी में निर्देशानुसार सम्पूर्ण विकास के लिए सभी प्रकार के सार्वजनिक कार्य शामिल करने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में सुनील कुमार अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुनिता कुमावत विअ अजीतगढ़, महादेव सिंह विअ खेतडी, लालचन्द कनवा विअउदयपुरवाटी, प्रेम कुमार अतिविअ ओमप्रकाश बाजिया सहाविअ नीमकाथाना, पवन फोगावट समन्वयक, दीपक कुमार व सहायक जिला परिषद नीमकाथाना सहित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने किया विद्यालयों, मतदान केंद्रों व पीएचसी का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** । जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, नरसिंहपुरा एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चलकोई बणीरोतान, मतदान केन्द्रों एवं पीएचसी चलकोई बणीरोतान का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने मीड-डे-मील का निरीक्षण किया व बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में जाना। कक्षा-कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और कैरियर को लेकर गाइडेंस दिया। उन्होंने कहा कि समर्पण व निरंतर अभ्यास कौशल विकास का सक्षम आधार है। कैरियर की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विद्यार्थी जीवन से ही अनुशासन का पालन करें। विद्यार्थी परीक्षाओं की तैयारी



अपने पाठ्यक्रम के अनुसार करेंगे तो परिणाम निश्चित तौर पर इच्छानुरूप होंगे। इसी के साथ नियमित अध्ययन को अपनी रूचि बनाएं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बच्चों से किताबें पढवाकर और गृहकार्य की जांच का मूल्यांकन किया एवं विद्यालयों में बने छात्र-छात्राओं के लिए शौचालयों की व्यवस्था देखी। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को दिये जाने वाले पोषाहार में गुणवत्ता मेंटेन रखें। इसी के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वागीण विकास करें। शिक्षक-छात्र गतिविधियों को बढावा दें और कैरियर के प्रति विद्यार्थियों को अवेयर करें। निरीक्षण के दौरान बिजेन्द्र सिंह ने पीएचसी चलकोई बणीरोतान का निरीक्षण किया। पीएचसी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मातृत्व अवकाश पर पाये गये तथा पीएचसी में अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। एसडीएम ने नरसिंहपुरा व चलकोई बणीरोतन के मतदान केन्द्रों का का निरीक्षण किया तथा संबंधित बीएलओ व सुपरवाईजर को लक्ष्य अनुसार फॉर्म नं. 6 भरने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही मतदाता सूचियों में प्रत्येक मतदाता के नाम, पिता का नाम, फोटो आदि की गहनता से जांच कर मतदाता सूची को आदिनांक तक अद्यतन करने के निर्देश प्रदान किए और लक्ष्य के अनुसार नए मतदाताओं का पंजीकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान निजी सहायक सुरेश कुमार, विद्यालय व पीएचसी स्टाफ व संबंधित सुपरवाईजर व बीएलओ उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में बुजुर्ग की मौत

**सरदारशहर(निसं.)।** । भालेरी थाना अंतर्गत गांव फोगां भरतरी में 75 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बुजुर्ग के भाई व परिवार जनों ने बुजुर्ग को मारने आरोप लगाते हुए भालेरी थाने में सूचना दी। भालेरी थाने के थानाधिकारी जगदीश सिंह टीम सहित सूचना पर मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर सरदारशहर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों की मांग पर भालेरी पुलिस ने बुजुर्ग के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया। बुजुर्ग के भाई के लड़के सांवरमल पुत्र सीताराम सुथार निवासी फोगां भरतरी ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि मेरे पिता का छोटा भाई श्योदान पुत्र नत्थूराम सुथार के घर उसके साले नाथूराम व नाथूराम का पुत्र दीपाराम और उसकी पत्नी 17 नवंबर से मेरे चाचा के घर पर रहते हैं। मेरे चाचा की नो बीघा जमीन भी उक्त लोगों ने जबरदस्ती दीपाराम पुत्र नाथूराम की ओर से अपने नाम करवा ली है। मेरे चाचा के बैंक खाते में रुपए जमा थे, वह बैंक खाता फोगां में जमा थे वह भी इन सब ने मिलकर निकाल लिए हैं। मेरे चाचा की मृत्यु के उक्त लोग जिम्मेदार है। वहीं मेरे चाचा की मौत अपने आप नहीं हुई है।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
30 नवम्बर, 2024

## संक्षिप्त-समाचार

### उपखंड अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने निकटवर्ती गांव गुलेरिया के आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम व द्वितीय का निरीक्षण किया और कार्यकर्ता को साफ सफाई व पोषाहार को स्टोर में रखने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलेरिया का निरीक्षण करने के दौरान पोषाहार रसोई में साफ सफाई व तयशुदा मिनू के अनुसार भोजन बनाने के लिए एसडीएम ने कहा। इसी प्रकार उप स्वास्थ्य केंद्र गुलेरिया, शहरी स्वास्थ्य केंद्र मांडेता व चांद बास का भी निरीक्षण किया गया।

### सुजानगढ़ जिले की मांग को लेकर प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** जिले की मांग को लेकर 1043 वें दिन भी उपखंड कर्यालय के बाहर जनहित संघर्ष मोर्चा की ओर से दिया जा रहा धरना जारी रहा। धरने पर काफी लागों ने शिरकत की और जिले की मांग को लेकर नारेबाजी की। मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से हमारी मांग है कि जल्द से जल्द सुजानगढ़ को जिला बनाने का काम पूर्ण कर जनहितों और जनभावनाओं का सम्मान करे। इस अवसर पर तेजपाल गोदारा, रामनारायण रूलाणिया, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, लक्ष्मणराम गोदारा, हंसराज रेवाड़, सदीक मणियार, पवन भोजक, लियाकत खां, साबिर अली चौहान, किशनलाल छरंग, महबूब बड़गुजर, हेमंत कुमार ड़ाका, मुमताज खां, रोशन खां, राजेंद्र बैदी, गजानंद प्रजापत, नानूराम जाट सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### संविधान, धर्मनिरपेक्षता व लोकतांत्रिक मूल्यों पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं : अमराराम

**लक्षमणगढ़ में माकपा का दो दिवसीय जिला सम्मेलन शुरू**

जयपुर टाइम्स



**सीकर/लक्ष्मणगढ़(निसं.)। ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का 24 वाँ जिला सम्मेलन लक्ष्मणगढ़ के कामरेड सीताराम येचूरी नगर के महावीर भवन में झंडारोहण के बाद शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ शुरू हुआ। सम्मेलन के खुले सत्र में मुख्य वक्ता माकपा प्रदेश सचिव सांसद अमराराम ने बोलते हुए केंद्र की मोदी सरकार को बीजेपी,आर एस एस के छद्म हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ाने में व देश की आजादी के दौरान विकसित व स्थापित धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद व लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने पर आड़े हाथों लिया। अमराराम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश की आम जनता के लिए नहीं बल्कि देश के मुट्ठी भर पूंजीपतियों के हितों के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने टेलीविजन के माध्यम से देशवासियों से रूबरू होकर कृषि के तीनों काले कानून को वापस लेने के साथ किसानो की मांगों को मान लेने की घोषणा की थी लेकिन अफसोस के साथ करना पड़ रहा है कि लंबा वक्त गुजर जाने के बाद भी मोदी सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चे के साथ किए गए समझौते के किसी भी मुख्य मांग पर अमल नहीं किया है। किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करने, फसलों का स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण करने को कानूनी गारंटी देने, 700 से ज्यादा शाहिद किसानों के परिवारों को मुआवजा देने और ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर बनाए गए झूठे मुकदमों को वापस लेना, किसान आंदोलन के प्रमुख मुद्दे हैं। हाल ही में 26 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्च व ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच की ओर से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के जरिए मोदी सरकार को चेताया है। देश की धन संपदा चंद अमीर घरानो को लूटने के लिए 44 श्रम कानून को समाप्त कर चार श्रम संहिता बनाई गई है। नवरत्न सार्वजनिक उद्योग रेल, बैंक -बीमा, भारत पेट्रोलियम और एयर इंडिया, भेल, स्टील व कोयला सहित प्रमुख हवाई अड्डों व बंदरगाहों को सरकार अदानी जैसे मित्रों के हवाले कर रही है। सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे प्रमुख मुद्दों से आम जनता का ध्यान हटाने के लिए धर्म व जाति का जहर घोलकर समाज को खतरनाक स्थिति की ओर दड़ेल रही है। देश की आम जनता को संविधान, धर्मनिरपेक्षता व लोकतांत्रिक मूल्य की रक्षा के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर बोलते हुए माकपा राज्य सचिव मंडल के सदस्य कामरेड फूलचंद बर्बर ने कहा कि राजस्थान की जनता ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के 11 उम्मीदवारों को जिताकर बहुत महत्वपूर्ण काम किया है, खास तौर से सीकर की जनता ने किसानों के लोकप्रिय नेता व किसान आंदोलन के निर्माता कॉमरेड अमराराम को जीतकर ऐतिहासिक किसान आंदोलन के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है । रावला घड़साना,शेखावाटी, आदिवासी इलाकों में बीजेपी की हार शुभ संकेत है। हमें किसानों, मजदूरों, छात्रों और महिलाओं की एकता को और मजबूत कर राजस्थान की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूत आंदोलन का निर्माण करना होगा। खुले सत्र को पार्टी के जिला सचिव किशन पारीक व स्वागत समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह महला ने भी संबोधित किया। संचालन बनवारी लाल नेहरा ने किया खुले सत्र की समाप्ति के बाद प्रतिनिधि सत्र के लिए मंगल सिंह, हरफूल सिंह, पेमाराम व तारा धायल को अध्यक्ष मंडल, सचिव मंडल के साथियों को संचालन समिति, रामप्रसाद जांगिड़ व सत्यजीत भीचर को जांच पड़ताल कमेटी ,बनवारी लाल नेहरा व रूड़ सिंह महला को मिनिट्स कमेटी व बृजसुंदर जांगिड़ व सागर खाचरिया को प्रस्ताव कमेटी में चुना गया। प्रतिनिधि सत्र में जिला सचिव किशन पारीक ने गत 3 वर्षों की गतिविधियों की लिखित रिपोर्ट प्रतिनिधियों के सामने रखी जिसको चर्चा के बाद पारित किया जाएगा।

## बेहतर चिकित्सा के लिए चिकित्सा मंत्री ने किया सम्मानित

**- सेवा भावना की बदौलत डॉ. एनसी पूनिया बने ख्यातनाम न्यूरो सर्जन**

# न्यूरो केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बना मरीजों के लिए उम्मीद की 'किरण'

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं)।** चिकित्सक को भगवान का रूप माना जाता है जो आदमी को गंभीर बीमारियों से बचाने में अपना जीवन लगा देता है। हालांकि चिकित्सक भी खूब है लेकिन जो अपने कार्य को समर्पित होकर पूर्ण निष्ठा के साथ करें और सेवा भावना के साथ करें, वहीं चिकित्सक सफल होता है और नाम कमाता है। एक ऐसा ही नाम है न्यूरो सर्जन डॉ. एनसी पूनिया का जो आज प्रदेश के ख्यातनाम चिकित्सक बन चुके है। बता दें कि डॉ. एनसी पूनिया न्यूरों के क्षेत्र में वर्षों से सेवा कर रहे है। बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों के उचित इलाज की बदौलत ही हाल ही में उन्हे चिकित्सा मंत्री ने भी सम्मानित कर नवाजा है। इतना ही नहीं डॉ. एनसी पूनिया मरीजों के साथ मृदुल व्यवहार करते है और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते है और उचित परामर्श देते है व इलाज करते है। समाज सेवा की भावना से ओतप्रोत डॉ. एनसी पूनिया सामाजिक सरोकारों और परोपकार के कार्यों में भी अग्रणी है। चाहे विद्यालयों में जरूरतमदों को स्वेटर, स्टेशनरी की बात हो, अस्पताल में निर्धन मरीजों के इलाज खर्च का मसला हो, आर्थिक पिछड़ों को संबल देने की बात हो, हर कार्यों में पूनिया अपनी महती भूमिका निभा रहे है।

### न्यूरो केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बना विश्वास का प्रतीक

न्यूरो केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर आज दुखः दर्द से परेशान मरीजों के लिए प्रदेश में नई उम्मीद की किरण बन गया है। लोगों में यहां समुचित इलाज और उचित देखभाल के चलते एक विश्वास पैदा हुआ है। इस हॉस्पिटल में एमआरआई, सीटी स्कैन, खून जांच, आईसीयू, ऑपरेशन सहित अन्य तमाम आधुनिक तकनीकों से युक्त सुविधाएं है जिसके चलते मरीज को एक ही जगह जांच और उपचार की सुविधा मुहैया हो रही है। वहीं केविट्रोन अल्ट्रासोनिक सर्जिकल एस्पिरेटर अनूठी तकनीक भी न्यूरो केयर हॉस्पिटल में है। बता दे कि यह तकनीक ब्रेन ट्यूमर को तोडने के लिए साउंड वेव्स का इस्तेमाल करती है।

### मिशन में परिवार का मिला भरपूर सहयोग

डॉ. एनसी पूनिया की ओर से स्थापित न्यूरो केयर एंड रिसर्य सेंटर आज प्रदेश का जाना पहचाना हास्पिटल है। बकौल डॉ. पूनिया, न्यूरों सेटर की स्थापना का विचार उनके मन में काफी हिलोंरे मार रहा था क्योंकि दीन दुखियों और मरीजों की व्यथा ने उनको इसके लिए विवश कर दिया था। इसलिए इसकी स्थापना की गई और इस कार्य में उनको उनकी पत्नी डॉ. बबीता चौधरी, पुत्री डॉ. हार्दिका गाइनकोलॉजी और पुत्र डॉ. देव पूनिया जो इंटर्नशिप कर रहे है, इनका भरपूर सहयोग मिला। पूरे पूनिया परिवार ने इस नेक कार्य में डॉ. एनसी पूनिया का भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक रूप से सहयोग किया।





### *राजस्थान का पहला न्यूरो नेविगेशन सिस्टम*

*न्यूरो केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में राजस्थान का पहला न्यूरो नेविगेशन सिस्टम स्थापित किया गया है जो वर्ष 2013 से कार्यरत है। वहीं दूसरी और हॉस्पिटल के आईसीयू में वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम की ओर से मरीजों की देखभाल की जाती है जिनमें प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राकेश अग्रवाल और डॉ. हंसराज आदि शाामिल है। आधुनिक सुविधाओं और तकनीकों में डॉ. एनसी पूनिया ने एक कदम आगे बढाते हुए उत्तर भारत का पहला रोबोटिक रिहैबिलिटेशन सेंटर भी खोला है जो स्पाइन और स्ट्रोक के मरीजों के लिए उम्दा लाभदायक है।*

# वाल्मीकि समाज का विरोध प्रदर्शन : पेट्रोल डालकर सुसाइड करने का प्रयास

**- समाज को अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने का विरोध**

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)। ।** सफाई कर्मचारी भर्ती में सफाई अनुभव प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के संबंध में आयुक्त की ओर से पीएफ और वाल्मीकि समाज के अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने के विरोध में वाल्मीकी समाज का अनशन लगातार जारी है। सफाई कर्मचारियों ने शुक्र वार दोपहर मांगों के समर्थन में नगर परिषद के सामने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। इस दौरान अशोक पंवार व प्रदीप चांवरिया ने अपने उपर पेट्रोल डालकर सुसाइड करने का प्रयास किया। मगर मौके पर मौजूद पुलिस व अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। मेहतर समाज एकता मंच के संयोजक राकेश पंवार ने बताया कि नगर परिषद प्रशासन की हठधर्मिता के चलते मनोनीत पार्षद अशोक पंवार व प्रदीप उर्फ प्रीत चांवरिया तीसरे दिन भी भूख हड़ताल पर बैठे है। सफाई कर्मचारियों ने शुऋ वार दोपहर अपनी मांगों के समर्थन में नगर परिषद के सामने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। सफाई कर्मचारियों ने आयुक्त के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसी दौरान आयुक्त अपनी गाड़ी से निकल गई। तब कांग्रेस के मनोनीत पार्षद अशोक पंवार सहित अन्य लोगों ने पीछे भागकर गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। आयुक्त के इस तरह से चले जाने सेसफाई कर्मचारी आऋोशित हो गए। प्रदर्शन के दौरान अशोक पंवार व प्रदीप चांवरिया ने अपने उपर पेट्रोल डालकर सुसाइड करने का प्रयास किया। मगर मौके पर मौजूद पुलिस व अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने पुलिस पर आयुक्त को भेजने का आरोप लगा दिया। इससे पहले ही सफाई कर्मचारियों के सड़क पर बैठने के कारण सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया। सूचना मिलने पर कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी, एएसआई सुरेश कुमार, हेड कॉन्स्टेबल सुभाष चंद्र, हेड कॉन्स्टेबल जगदीश प्रसाद सहित कोतवाली व महिला थाना का जाब्ता पहुंच गया। मेहतर समाज एकता मंच के संयोजक राकेश पंवार ने बताया कि तब तक उनकी वाजिब मांग पूरी नहीं की जाएगी। सफाई कर्मचारी भर्ती की अंतिम दिनांक होने के बाद भी सैंकड़ों लोगों के अनुभव पूर्ण पत्र जारी नहीं किए गए हैं। आयुक्त की ओर से आवेदनकर्ता की फाइलों को कुछ ना कुछ कमियां निकाल कर रोका जा रहा है। सफाई कामगार वाल्मीकि समाज को सफाई भर्ती 2024 में सम्मिलित किस आधार पर होगा, क्योंकि उनका अनुभव प्रमाण पत्र आज तक जारी नहीं हुआ है। आयुक्त की हठधर्मिता के कारण सैकड़ों वाल्मीकि समाज के आवेदनकर्ता आवेदन से वंचित रहेंगे। उन्होंने बताया कि आमरण अनशन जब तक जारी रहेगा तब तक वाजिब मांगे नहीं मानी जाएगी।



### जिला कलक्टर ने पूलासर विद्यालय के विद्यार्थियों से किया संवाद



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)। ।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूलासर का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से कोडयोगी कार्यऋ म की जानकारी लेते हुए संवाद किया। इस दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि तकनीकी कौशल को सहगामी पाठ्यऋ म के रूप में विकसित करें। बच्चे प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही सॉफ्टवेयर अपडेशन आदि तकनीकी शिक्षा के बारे में मानसिक व बौद्धिक रूप से तैयार हों। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्राथमिक स्तर से ही तकनीकी कौशल का विकास होने से परंपरागत शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा के लिए हम नई पीढ़ी को तैयार कर पाएंगे। बच्चे एआई व कंप्यूटर सॉफ्टवेयर आधारित कार्यक्रमों के बारे में प्राथमिक स्तर से ही जागरूक होंगे, तो कैरियर के बारे में उनके सामने कई विकल्प तैयार होंगे। उन्हें वर्तमान युग के अनुसार एआई व कंप्यूटर आधारित ज्ञान होगा। उन्होंने बच्चों से कोडयोगी कार्यक्रम में क्लियर किए गए लेवल एवं सीखे गए पाठ्यक्रम की जानकारी ली। बच्चों ने अपने अध्ययनों के बारे में बताया। जिला कलक्टर ने विद्यालय में शिक्षण, पाठ्यऋ म, सह-शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, मुकुल भाटी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### जिलास्तरीय स्काउट गाइड डायमंड मिनी जंबूरी का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)। ।** शहर में जिलास्तरीय स्काउट गाइड डायमंड मिनी जंबूरी का उद्घाटन शुऋ वार को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने कहा कि स्काउट सेवा है जो छात्र छात्रा स्काउट की ऐसी जम्बूरी में भाग लेते हैं वह सेवा के महत्व को समझ लेते हैं और जीवन में धारण कर लेते हैं। आज ये जंबूरी शुरू हुई है रात्रि को स्काउट गाईड इसे सजाने का कार्य करेंगे और कल आप देखेंगे की जंगल में मंगल कैसे होता है। आज स्काउट की सेवा पूरे विश्व के 190 देशों में चल रही है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि ये एक महत्वपूर्ण आयोजन है। 6 साल बाद जिलास्तरीय मिनी जंबूरी का आयोजन हो रहा है। इसके लिए एक पूरा गांव बसाया गया है। प्रशासन का कोई भी बड़ा आयोजन स्काउट गाइड की भागीदारी के बिना अधूरा है। स्काउट गाइड नि:स्वार्थ समाजसेवा करता है और अनुशासन की प्रेरणा देता है। उद्घाटन समारोह में एसडीएम दिव्या चौधरी, तहसीलदार रतनलाल मीणा, जेडी शिक्षा विभाग बजरंगलाल, पूर्व विधायक अशोक पींचा, सीडीपीओ गोविंदसिंह राठौड़, सीबीईओ अशोक पारीक आदि मंचासीन रहे।

# युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा सीआईआई सेंटर : राठौड़

**लोहिया कॉलेज में किया सीआईआई मॉडल कैरियर सेंटर का उदघाटन**

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)। ।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया कॉलेज में गौरीशंकर व निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन की पहल पर देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की ओर से स्थापित मॉडल कैरियर सेंटर का उद्घाटन शुऋ वार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने किया। इस मौके पर आयोजित कार्यऋ म को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्किल्ड युवाओं के दम पर देश को विकसित देश बनाने का स्वप्न देख रहे हैं। इसी सपने को साकार करने की दिशा में चूरू का यह मॉडल कैरियर सेंटर यहां के युवाओं के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगा। सेंटर भावी पीढ़ी को सही राह दिखाने की दिशा में काम करेगा और युवाओं के भावी जीवन को तराशने के लिए युवाओं के मजबूत कदम उठेंगे। उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं और राइजिंग राजस्थान की चर्चा करते हुए इस सेंटर को स्थापित करने के लिए गौरीशंकर व निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन के संरक्षक गौरीशंकर मंडावेवाला और सीआईआई के नेशनल हैड सौरभ मिश्रा का आभार जताया और युवाओं से कहा कि जमाने की रफ्तार के साथ आंख मिलाकर चलने के लिए अपने भीतर कौशल और आत्मविश्वास विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां के लोगों ने अपनी उद्यमिता और कौशल से पूरी दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। हमारे युवाओं के भीतर भी वही लोहा है। ये अपनी योग्यता और स्किल से विकास और कामयाबी की नई इबारत लिखेंगे और यह सेंटर इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमें उस क्षण का इंतजार रहेगा, जब यहां के स्किल्ड बच्चों को बेहतरीन जॉब अवसर मिलेंगे और उनका सम्मान समारोह आयोजित होगा। विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि गौरीशंकर व निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से यह अभूतपूर्व पहल की गई है जो चूरू के युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि सेंटर की ओर से हर साल एक हजार युवाओं को स्किल्ड बनाने और रोजगार देने का संकल्प बड़ी सराहनीय बात है। जिला ऋि केट एशोसिएशन के अध्यक्ष पराऋ म सिंह राठौड़ ने युवाओं को कामयाबी के लिए जरूरी टिप्स दिए और कहा कि अपने सपने को साकार करने के लिए आपको दिन-रात एक करना होता है और पूरी एकाग्रता से मेहनत करनी होती है। फाउंडेशन के संरक्षण गौरीशंकर मंडावेवाला ने कहा कि शेखावाटी के वाशिंदों ने अपनी काबिलियत और मेहनत से पूरी दुनिया में छाप छोड़ी है। हमारी यह सोच है कि जब यहां का युवा योग्य है तो उसे समुचित मार्गदर्शन और आगे बड़ने के समुचित अवसर मिलने ही चाहिए। अध्यक्षता करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ मंजु शर्मा ने सेंटर के लिए फाउंडेशन और सीआईआई का आभार जताया और कॉलेज में संसाधनों के विकास के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ तथा विधायक हरलाल सहारण का आभार जताया। उन्होंने पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक के समक्ष कॉलेज की जरूरतों को रखा, जिस पर दोनों ने आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। फाउंडेशन के वेणुगोपाल अग्रवाल ने इस सेंटर के स्थापना के पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ में यह महसूस किया कि चूरू के युवाओं के लिए अवसरों की कमी है। इस लिहाज से चूरू के युवाओं में कौशल विकसित करने और उन्हें रोजगार के अवसर दिलाने के लिए यह सेंटर स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेंटर में युवाओं के लिए संसाधनों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। सीआईआई के नेशनल हैड सौरभ मिश्रा ने युवाओं से कहा कि कंपनियों को काम करने के इच्छुक योग्य युवा चाहिए, बाकी उनके पास किसी चीज की कमी नहीं होती। हम युवाओं को बेहतर अवसर दिलाने के प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नौकरियों की कमी नहीं है, हमारे मन में बेहतर की इच्छा होनी चाहिए और इसके लिए एक शुरुआत तो जरूरी है ही। सेंटर के जयेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जयपुर के बाद यह स्टेट का पहला इस तरह का सेंटर है। जल्दी ही यहां के युवाओं को कंपनियों में बेहतर ऑफर और जॉब मिलेंगे और उन युवाओं का सम्मान समारोह हम जल्दी ही आयोजित करेंगे, इ्सा विश्वास है। इस दौरान फाउंडेशन संरक्षक निर्मला देवी अग्रवाल व सरिता अग्रवाल भी मौजूद रही। फाउंडेशन से जुड़े मनु कृष्णकांत ग्रोवर ने आभार जताया। संचालन प्रो. सुमेर सिंह ने किया। इस दौरान स्वामी गोपालदास बालिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सीएल वर्मा, बसंत शर्मा, पूर्व सभापति विजय शर्मा, प्रो. सरोज हारित, सुरेश सारस्वत, चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रो. सुरेंद्र डी सोनी, लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, शेरू गोयनका, डॉ सुनील ढाका, श्रीराम पीपलवा, दिनेश शर्मा, डॉ एल एन आर्य, प्रो. उम्मेद गोठवाल, संतलाल धेतरवाल, हरदत्त सहारण, केसी सोनी, डॉ बीएल मेहरा, डॉ मूलचंद, डॉ रविंद्र बुडानिया, रूपा शेखावत, डॉ एमएम शेख, पवन बगड़िया सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कॉलेज शिक्षक, विद्यार्थी व नागरिक मौजूद रहे। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण व गौरीशंकर मंडावेवाला सहित अतिथियों ने सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया और अवलोकन कर व्यवस्थाओं की सराहना की। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह के तौर पर पौधे भेंट किए गए।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।